www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

18 मार्च 2026
हरदा, बुधवार
वर्ष-15, अंक - 277, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र कृष्ण पक्ष - 13
विक्रम संवत् 2082

## आज मुख्यमंत्री हरदा को देंगे करोड़ों की सौगात

### राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में होंगे शामिल



अनोखा तीर, हरदा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 18 मार्च को हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कृषि आधारित कौशल विकास एवं कस्टम हायरिंग पर केन्द्रित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान जिले में चल रहे विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नए विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 3248.71 लाख रुपये की लागत के 5 विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा करीब 19979.97 लाख रुपये की लागत के 36 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभ भी वितरित करेंगे।

### 3248.71 लाख के विकास कार्यों का होगा भूमि पूजन

मुख्यमंत्री टिमरनी विकासखंड में 253 लाख की लागत से बनने वाले नवीन 33/11 के.व्ही. आलमपुर उपकेन्द्र (क्षमता 5 एमवीए), हरदा विकासखंड के ग्राम पंचायत कोलीपुरा एवं नीमगांव में 37.50-37.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन पंचायत भवन, मसनगांव से कमताड़ा सिराली मार्ग में माचक नदी पर पुल व पहुँच मार्ग निर्माण (लगभग 1420.75 लाख रुपये) तथा खिरकिया में 1499.96 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शासकीय महाविद्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे।

- **19979.97 लाख के 36 विकास कार्यों का लोकार्पण** – मुख्यमंत्री जिले में निर्मित 36 विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। इनमें प्रमुख रूप से शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोडलपुर एवं टेमागांव, हायर सेकण्ड्री स्कूल टेमागांव में अतिरिक्त कक्ष व प्रयोगशाला, सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करताना, अबगांवकला व खिरकिया के भवन, जिला चिकित्सालय हरदा का 100 से 200 बिस्तरीय उन्नयन एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक, ग्राम चन्द्रखाल और मगरधा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, मकड़ाई में 50 सीटर बालक छात्रावास, अहलवाड़ा में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, विभिन्न ग्रामों में उप स्वास्थ्य केन्द्र, मसनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा कई सामुदायिक भवन शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कई पुल व सड़क निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल-जल योजनाएं, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के घाट एवं सड़क निर्माण तथा लोक निर्माण विभाग के पुल निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया जाएगा।

### दीक्षा प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी समाज और देश के विकास में सहयोग दें और बने जिम्मेदार नागरिकः राज्यपाल

## विक्रमादित्य का नाम जुड़ने पर विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों का बढ़ा गौरव : सीएम



अनोखा तीर, भोपाल।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आज विक्रम विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यधिक आनन्द का अनुभव हो रहा है। उन्होंने दीक्षान्त समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए सभी के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उज्जैन नगरी में आते ही एक अलग प्रकार की अनुभूति होती है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में ही एक विद्यार्थी ने शिक्षा प्राप्?त की और आज वे प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। मंगलवार को राज्यपाल श्री पटेल की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में उज्जैन में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30 वां दीक्षांत समारोह स्वर्ण जयंती सभागृह सम्पन्न हुआ।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश का राज्यपाल बनने के अगले ही दिन वे भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए और यहीं से उन्हें प्रदेश के सतत विकास और देश की प्रगति के लिए प्रयासरत रहने की प्रेरणा प्राप्त हुई। राज्यपाल श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि आज दीक्षांत के साथ आप सभी ने समाज के उत्थान और देश की एकता के लिए शपथ ली है।

### भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन को बनाया अपनी शिक्षा स्थली : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान और ध्यान के वैश्विक केन्द्र उज्जैन को भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी शिक्षास्थली के रूप में चुना। चौसठ कलाओं और 14 विद्याओं की यह धरती शौर्य के प्रतीक सुशासन के पुरोधा, विक्रम संवत के प्रवर्तक, भारतीय सांस्कृतिक चेतना के रक्षक और न्यायप्रियता के प्रतीक सम्राट विक्रमादित्य की कर्मस्थली रही है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह केवल उपाधि वितरण नहीं बल्कि 7 दशकों के उस समर्पण का परिणाम है, जिसने दुनिया को कुशल मानव संसाधन और श्रेष्ठ स्कॉलर सौंपे हैं। विश्वविद्यालय से सम्राट विक्रमादित्य का नाम जुड़ने से विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों का गौरव बढ़ा है। ऐसे विश्वविद्यालय की उपाधियों से विभूषित होना विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी-लिट), गोल्ड मेडल और स्नातक उपाधियां प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### कनाडा से गुरकीरत का शव लाने में मदद करेगी सरकार

**अनोखा तीर, उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा के पार्श्वनाथ सिटी स्थित घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और छात्र की बॉडी लाने सहित अंतिम संस्कार पर होने वाला पूरा खर्च उठाने का वादा किया। इससे पहले मुख्यमंत्री सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भारत सरकार के माध्यम से कनाडा सरकार के संपर्क में हैं। मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ये हमारे राज्य और खासकर हमारे शहर का ही परिवार है। इसलिए यहां से कनाडा जाने, अंतिम संस्कार सहित जैसा भी तय होगा, सरकार मदद करेगी।

**गाड़ी चढ़ाकर हत्या कर दी थी-** गुरकीरत सिंह की 14 मार्च को कनाडा के फोर्ट सेंट जॉन शहर में गाड़ी चढ़ाकर हत्या कर दी गई थी। घटना से पहले 10-12 युवकों ने छात्र की पिटाई की थी। जिसमें छात्र को गंभीर चोटें आई थीं।

## मुंबई-आगरा हाईवे पर पिकअप पलटी

### बच्चे की मौत



### 20 घायल, 6 की हालत गंभीर; मजदूर जामली से राजपुर जा रहे थे

**अनोखा तीर, सेंधवा।** मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। सेंधवा के समीप ग्राम सालीकला के पास मजदूरों को ले जा रही एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 20 लोग घायल भी हुए। वहीं पिकअप चालक मौके से फरार है। यह हादसा सेंधवा के समीप हुआ। पिकअप में 25 से अधिक मजदूर सवार थे, जो जामली लवाणी और आसपास के क्षेत्रों से मजदूरी के लिए राजपुर जा रहे थे। मृतकों में सीतेश (12) पुत्र चपलिया, निवासी जामली शामिल है, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को वाहन से निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

**16 को सेंधवा लाए-** घायलों में से 16 लोगों को सिविल अस्पताल सेंधवा लाया गया, जहां एक की मौत हो गई और 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य 5 घायलों को नारायणदास अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है।



# डंपर ने कार को मारी टक्कर, चालक घायल

**अनोखा तीर, मसनगांव।** नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर मुहाल और छिपाबाड़ के बीच टोल नाके के पास एक डंपर ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार चालक घायल हो गया। घटना शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कार चालक हरदा से



चारुवा की ओर जा रहा था, जबकि डंपर खिरकिया से हरदा की तरफ आ रहा था। इसी दौरान डंपर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई। घटना के बाद राहगीरों ने घायल चालक को कार से बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। चालक भूपेंद्र ने बताया कि वह हरदा से अपने घर चारुवा खदान जा रहा था। इसी बीच मुहाल और छिपाबाड़ के बीच टोल नाके के पास तेज गति से आए डंपर ने उसकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर से बचने की कोशिश में कार खेत में उतर गई।

# गोविंद सिंह सूरमा बने कांग्रेस के महासचिव

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी संगठनात्मक कार्यों और जमीनी पकड़ को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले के सक्रिय नेता गोविंद सिंह सूरमा को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। गोविंद सिंह सूरमा को हरदा जिला संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष के बाद सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



राजनीतिक गलियारों में इस नियुक्ति को बेहद अहम माना जा रहा है। जिला संगठन महासचिव का पद जिला अध्यक्ष के बाद संगठन का सबसे प्रभावशाली और जिम्मेदारी वाला पद होता है। गोविन्द सिंह को कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन सांई, हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने, टिमरनी विधायक अभिजीत शाह, हिरालाल पटेल छिड़गाव, रामसहोदर पवार, राधेश्याम सिरोही, राहुल पटेल, विजय सिंह सूरमा, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार, हरदा ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द व्यास, खिरकिया ब्लाक अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी, सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र विश्नोई, मगरधा ब्लाक अध्यक्ष संजय भायरे, सिराली ब्लाक अध्यक्ष नागू पटेल, रहटगांव ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन पटेल, टिमरनी ब्लाक अध्यक्ष विनोद पटेल, करताना ब्लाक अध्यक्ष विक्रम सिंह राजपूत, खिरकिया शहर अध्यक्ष आशुतोष कोठारी, अनिल विश्नोई, सतीष भादु, सभी नें शुभकामनाएं प्रेषित की एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# गणगौर उत्सव में महिलाओं ने ईसर-गौरा को साथ लेकर दिए झालरे

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम में मारवाड़ी समाज द्वारा मनाए जा रहे 16 दिवसीय गणगौर उत्सव की धूम इन दिनों पूरे गांव में देखने को मिल रही है। होली के दिन से शुरू हुए इस उत्सव में समाज की महिलाएं प्रतिदिन जवारों की पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन कर रही हैं। पिछले 10 दिनों से लगातार गणगौर पूजन के साथ यह आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिसका



समापन शनिवार को तीज पर्व पर होगा। सोमवार को श्रीमती राखी साबू के निवास से ईसर-गौरा को साथ लेकर महिलाओं ने पाती खेलने की परंपरा निभाई। इस दौरान महिलाएं बैंड-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए निकलीं। छोटे-छोटे बच्चों को ईसर-गौरा का स्वरूप देकर शोभायात्रा में शामिल किया गया। मार्ग में रमेश सोनी परिवार द्वारा ईसर-गौरा का स्वागत कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद महिलाएं पाती खेलने पवन भाटी के निवास पर पहुंचीं, जहां ईसर-गौरा की पूजा कर गणगौर के सुंदर भजनों पर झालरे दिए गए। महिलाओं ने पारंपरिक गीत और दोहे गाकर उत्सव को उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया।

## राष्ट्रीय रक्तदाता अधिवेशन में सम्मानित हुए रक्तमित्र परमानंद बघेल

**अनोखा तीर, खिरकिया।** बिहार राज्य के गयाजी में शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्तदाता अधिवेशन में जय महाराणा रक्तदान समूह भारत, हरदा के संचालक रक्तमित्र परमानंद सिंह बघेल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भगत सिंह सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। जय महाराणा रक्तदान समूह भारत के संस्थापक/अध्यक्ष रक्तमित्र शैलू मंडलोई ने बताया कि यह सम्मान शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रपौत्र अमित आजाद तथा पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार अश्विनी चौबे ने प्रदान किया। संस्था के अध्यक्ष नीलेश वर्मा ने कहा कि यह सम्मान हरदा जिले के रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष राकेश सहाय, सचिव सतीश शर्मा, उपसचिव आशुतोष कुमार और टीम कोऑर्डिनेटर राघवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।





# गांगला में पानी देने वाले तीनों ही हैंडपंप खराब

## निजी ट्यूबवेलों पर आश्रित हुए ग्रामीण

**अनोखा तीर, मसनगांव।**

पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम गांगला में लगे तीन शासकीय हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के बावजूद भी सुधार नहीं होने से तीनों हैंडपंप करीब दो माह से बंद पड़े हुए हैं, जिससे गांव में जल संकट गहराने लगा है। गांव में पानी सप्लाई के लिए नल-जल योजना संचालित है, लेकिन भूमिगत जलस्तर कम होने के कारण पानी का प्रेशर भी कम आ रहा है। इससे ग्राम में पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीण अनोखी लाल देवड़ा, उमाशंकर देवड़ा, जुगल किशोर रायखेरे और जगदीश धार्मिक ने बताया कि गांव में लगे तीनों हैंडपंप खराब होने से पानी की समस्या लगातार बढ़ रही है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही नल-जल योजना के ट्यूबवेल में भी पानी का स्तर कम हो गया है, जिससे मुश्किल से पानी मिल पा रहा है। पीएचई द्वारा लगाए गए हैंडपंपों के खराब होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्राम में तीन हैंडपंपों में से एक हैंडपंप स्टेट हाईवे से हंडिया तक बनने वाले सड़क निर्माण कार्य की चपेट में आने से नीचे दब गया है, जबकि गांव के अन्य दो हैंडपंपों के पाइप खराब होने से उनमें पानी नहीं आ रहा है। इसके कारण ग्रामीणों को निजी ट्यूबवेलों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पंचायत और पीएचई विभाग को शिकायत कर हैंडपंप ठीक कराने की मांग भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। पानी की कमी के कारण कुछ ग्रामीण पेयजल के लिए खेतों में लगे ट्यूबवेलों पर निर्भर हो गए हैं। गांव में लगे ट्यूबवेल का पानी गर्मी



के दिनों में स्वाद बदलने से खारा हो जाता है, जिसका उपयोग सामान्य निस्तार के लिए किया जाता है। हैंडपंप खराब होने से विशेष रूप से गरीब आदिवासी परिवारों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से हैंडपंपों को जल्द दुरुस्त कर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत सचिव नंदलाल बघेल ने बताया कि पीएचई विभाग में शिकायत कर सभी हैंडपंपों को ठीक कराया जाएगा।

### इनका कहना है...

जो हैंडपंप ठीक हो सकते हैं, उन्हें आज ही ठीक कराया जाएगा।

**क्यू सी उइके, कार्यपालन यंत्री, पीएचई हरदा।**

## भोपाल मंडल ने 1852 करोड़ 5 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

**अनोखा तीर, भोपाल।**

पश्चिम मध्य रेल में वाणिज्य और परिचालन विभाग के प्रमुख व वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक यानी 11 माह में 8186 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राजस्व अर्जित किया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि (7390 करोड़ 65 लाख रुपये) की तुलना में 10.76 प्रतिशत अधिक है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (7849 करोड़ 38 लाख रुपये) के ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू से 4 प्रतिशत अधिक है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू के मदवार आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से 2341 करोड़ 60 लाख रुपये, माल यातायात से 5465 करोड़ 92 लाख रुपये, अन्य कोचिंग मद में 167 करोड़ 54 लाख रुपये तथा विविध आय यानी संड्री से 210 करोड़ 94 लाख रुपये का रेलवे राजस्व प्राप्त हुआ है। चालू वित्तीय वर्ष के इन 11 महीनों में भोपाल मंडल ने 1852 करोड़ 05 लाख रुपये का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

# विकसित भारत के पुनरुत्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना

## -राज्य स्तरीय मंथन का आयोजन

**अनोखा तीर, टिमरनी।** भोपाल में 16 एवं 17 मार्च को विकसित भारत के पुनरुत्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना का योगदान विषय पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बना, जहां इस प्रकार का व्यापक मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश के 7 विश्वविद्यालयों के कार्यक्रम समन्वयक एवं चयनित जिला संगठक, कार्यक्रम अधिकारी तथा विद्यार्थियों सहित लगभग 250 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न आयामों पर विचार, अनुभव और नवाचार साझा किए गए। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि प्रमुख अपर सचिव अनुपम




राजन रहे। साथ ही अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सितारे एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न पहलुओं—जैसे संगठनात्मक सुदृढ़ता, वित्तीय प्रबंधन, पीएमएस पोर्टल का प्रभावी उपयोग, गोद ग्राम योजना का क्रियान्वयन, स्वयंसेवकों की सहभागिता बढ़ाने के उपाय तथा नवाचार आधारित गतिविधियों—पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के अनुभव साझा किए, जिससे नई कार्ययोजनाओं और नवाचारों को दिशा मिली। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से हरदा जिला संगठक डॉ. अरुण सिकरवार एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीत काशिव को इस सम्मेलन में सहभागिता का अवसर मिला। उनके द्वारा प्रस्तुत विचारों और अनुभवों ने कार्यक्रम को समृद्ध बनाया। आयोजन की सफलता में भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोती और युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा की विशेष भूमिका रही। साथ ही बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ए.के. सक्सेना ने भी विषय पर मार्गदर्शी विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन में प्राप्त अनुभवों और सुझावों के आधार पर राष्ट्रीय सेवा योजना को और अधिक प्रभावी, संगठित और नवाचारी बनाने की दिशा में पहल की गई। यह आयोजन विचारों के आदान-प्रदान के साथ विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त करने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के आचार्य डॉ. जे.के. जैन एवं समस्त स्टाफ द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।

# रेल अधिकारियों के नाम पर फर्जी कॉल- सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

## -भोपाल मंडल ने रेलकर्मियों एवं पेंशनर्स के लिए जारी की एडवाइजरी

**अनोखा तीर, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल द्वारा सभी रेलकर्मियों एवं पेंशनर्स को महत्वपूर्ण सुरक्षा परामर्श जारी किया गया है। हाल ही में यह पाया गया है कि कुछ अज्ञात व्यक्ति रेल अधिकारियों का नाम लेकर सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारियों को फोन कॉल कर रहे हैं और बैंक खाता, एटीएम विवरण, ओटीपी, पिन तथा अन्य गोपनीय जानकारी मांग रहे हैं। रेल प्रशासन ने स्पष्ट रूप से बताया है कि रेलवे का कोई भी अधिकारी या विभाग फोन पर बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी, ओटीपी, पिन अथवा पासवर्ड नहीं मांगता है। इस प्रकार की कॉल पूरी तरह फर्जी और धोखाधड़ी का प्रयास है।

### क्या करें

किसी भी सूचना की पुष्टि संबंधित कार्यालय या बैंक शाखा में व्यक्तिगत रूप से करें। संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना दें। अपने परिजनों एवं सहकर्मियों को भी जागरूक करें। रेल प्रशासन ने सभी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से अपील की है कि वे सतर्कता और जागरूकता को ही अपनी सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन बनाएं। साइबर अपराधियों से बचाव के लिए सावधानी ही सर्वोत्तम उपाय है। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की आशंका होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें अथवा निकटतम रेलवे कार्यालय को सूचित करें।

### क्या न करें

फोन पर ओटीपी, पिन, पासवर्ड या बैंक विवरण साझा न करें। किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। संदिग्ध कॉल करने वाले व्यक्ति के दबाव में न आएं।

# मोनालिसा की नॉर्मल शादी नहीं, प्रॉपर अप्रोप्रिएट लव जिहाद

## ● सुप्रीम कोर्ट वकील बोलीं- शरजील इमाम की पैरोल के बाद आतंकी संगठन एक्टिव हुए

**अनोखा तीर, भोपाल।**

कुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा की शादी को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सुप्रीम कोर्ट की वकील नाजिया इलाही खान ने इसे सामान्य शादी मानने से इनकार करते हुए इसे 'प्रॉपर अप्रोप्रिएट लव जिहाद' बताया है। खरगोन में फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि शरजील इमाम के अपने भाई की शादी के लिए पैरोल पर बाहर आने के बाद आतंकी संगठन फिर सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस पूरे मामले में कट्टरपंथी संगठनों की भूमिका हो सकती है और इसकी जांच सुरक्षा एजेंसियों से कराई जानी चाहिए।



● **हिन्दू मैरिज एक्ट का उल्लंघन हुआ**- नाजिया खान ने कहा- ये सिर्फ नॉर्मल शादी नहीं हैं। ये प्रॉपर अप्रोप्रिएट लव जिहाद है। इस्लामिक जिहादी रेडिकल इस्लामिस्ट और पीएफआई की मिली जुली लव जिहाद की यह पूरी कार्रवाई की गई है। इसमें हिन्दू मैरिज एक्ट 1955 का उल्लंघन किया गया है। हिन्दू सनातन धर्म में विवाह की जो प्रथा होती हैं उनका भी मिसयूज किया गया है।

### माता-पिता ने की शिकायत

फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ मंगलवार को मोनालिसा के माता-पिता मंडलेश्वर पहुंचे और डीएसपी श्वेता शुक्ला की शिकायत सौंपी। उन्होंने मोनालिसा की शादी को लव जिहाद बताते हुए शिकायत पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### शरजील इमाम की पैरोल के बाद एक्टिव हुए आतंकी संगठन




नाजिया ने कहा- शरजील इमाम जैसे ही अपने भाई की शादी की पैरोल पर बाहर आया है वैसे ही ये जितने भी टैररिज्म ऑर्गेनाइजेशन हैं वो एक्टिव हो चुके हैं। अभी हाल ही में हमने उत्तर प्रदेश में छांगुर पीर जलालुद्दीन को देखा कि वो कैसे लव जिहाद की स्ट्रैटजी चला रहा था। नाजिया ने कहा- हमने केजीएन जिमखाने का मामला भी देखा। हमने बस्ती में देखा कि बस्ती में तीन मुसलमान लड़के तीन सौ से ज्यादा लड़कियों के न्यूड फोटो कराकर उनसे प्रॉस्टीट्यूशन कराने का काम भी कराने की कोशिश में लगे हुए थे। मुझे ऐसा लगता है कि केरल की सरकार ऐसे लव जिहाद और ऐसे रेडिकल इस्लामिस्ट को सहयोग कर रही है तो हमारे देश की सुरक्षा एजेंसियों को काम करना चाहिए। और अतिशीघ्र शरजील इमाम की पैरोल को कैंसिल करवाना चाहिए।

# प्रदेश में घरेलू सिलेंडर की सप्लाई ठीक

## ● ऑयल कंपनी के डिपो से ट्रकों में लोड; होटल-रेस्टोरेंट को देने के ऑर्डर का इंतजार

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश में एलपीजी संकट बरकरार है। घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई जरूर ठीक हुई है, पर कमर्शियल की नहीं। ऑयल कंपनियों से कमर्शियल सिलेंडर ट्रकों में लोड जरूर हुए, लेकिन होटल-रेस्टोरेंट को सप्लाई नहीं की गई। अफसरों को सरकार से ऑर्डर मिलने का इंतजार है। ऐसे में प्रदेश के 50 हजार होटल और रेस्टोरेंट में सोमवार को कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलें। इधर, गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन कर रही है। भोपाल के फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया, भौंरी स्थित डिपो से कमर्शियल सिलेंडर के ट्रक लोड हो रहे हैं, लेकिन फिलहाल होटल और रेस्टोरेंट को सिलेंडर देने के आदेश नहीं है। इसलिए सोमवार को अस्पताल, शैक्षणिक संस्थाएं, पुलिस, सेना-रेलवे कैंटिंग को ही सिलेंडर की सप्लाई की गई है।



### महाराष्ट्र में 70 प्रतिशत सप्लाई, एमपी में भी हो

एमपी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी ने बताया, एसोसिएशन को महाराष्ट्र के उपहार गृहों में 70 प्रतिशत रिलीफ यानी, सिलेंडर दिए जाने के आदेश मिले हैं। एमपी में भी ये आदेश आ सकते हैं। फिलहाल सोमवार को कमर्शियल सिलेंडर नहीं दिया गया। इस कारण प्रदेश के 50 हजार से अधिक होटल और रेस्टोरेंट में समस्या बनी रही। यदि इन्हें भी सिलेंडर मिलेंगे तो यह होटल इंडस्ट्री के लिए 'ऑक्सीजन' मिलने जैसा रहेगा। पिछले 7 दिन से सप्लाई नहीं होने से भोपाल, इंदौर समेत कई जिलों में होटल-रेस्टोरेंट में गैस का स्टॉक खत्म हो रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इंडक्शन, डीजल भट्?ठी के इंतजाम जरूर किए हैं, लेकिन यह बहुत ही खर्चिला है। इसलिए मेन्यू में बदलाव करने की गाइडलाइन जारी की। सिलेंडर की कमी और ग्राहकों की संख्या कम होने के बावजूद प्रदेश के किसी भी होटल या रेस्टोरेंट से कर्मचारियों को नहीं निकाला गया।

### कमर्शियल की नहीं

**घरेलू गैस बुकिंग की 50 प्रतिशत समस्या हुई कम**- गैस एजेंसी संचालकों की माने तो प्रदेश में घरेलू सिलेंडर की बुकिंग की 50 प्रतिशत समस्या खत्म हो गई है। भोपाल में सोमवार को 12 हजार से अधिक बुकिंग आई। हालांकि, पैनिक स्थिति ज्यादा है। यानी, लोग भविष्य में सिलेंडर न मिलने की समस्या आने पर अतिरिक्त सिलेंडर जमा कर रहे हैं। इधर, सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। राजधानी में ही सोमवार को करीब 50 सिलेंडर जब्त किए गए।

# मप्र में आज से नया सिस्टम... आधे जिलों में असर

## ● भोपाल, इंदौर-ग्वालियर में आंधी-बारिश का अलर्ट; आज गर्मी रहेगी




**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश में 18 मार्च से स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इससे अगले 3 दिन तक प्रदेश के आधे जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी असर दिखेगा। इससे पहले सोमवार को पूरे प्रदेश में गर्मी का असर रहा। मंगलवार को भी तेज गर्मी रहेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 17 मार्च की रात से उत्तर-पश्चिम भारत को वेस्टर्न डिस्टरबेंस प्रभावित करेगा।

### अभी तीन सिस्टम लेकिन असर नहीं

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और एक टर्फ की एक्टिविटी है, लेकिन इसका ज्यादा असर नहीं है। इस वजह से सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में गर्मी का असर बना रहा। प्रदेश में खरगोन सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, सिवनी, मंडला, टीकमगढ़, सागर और खजुराहो में पारा 37 डिग्री या इससे अधिक रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में जबलपुर में पारा सबसे ज्यादा 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।





## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

अनोखा तीर, हरदा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

## शासकीय आदर्श महाविद्यालय में अग्निवीर भर्ती पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित



**अनोखा तीर, हरदा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में छात्रों-छात्राओं को भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती की जानकारी देने के लिए क्रीड़ा विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना के सब मेजर जोगिंदर सिंह, ध्रुव कुमार विश्वकर्मा तथा स्कूल शिक्षा विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने भाग लिया। इस अवसर पर सब मेजर जोगिंदर सिंह ने अग्निवीर भर्ती के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक दक्षता की आवश्यकताएं तथा ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पंजीयन कर भर्ती में भाग लेने की पूरी जानकारी विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय अग्रवाल ने अग्निवीर योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अग्निवीर के रूप में सेवा देने के बाद युवाओं के लिए आगे के जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अवसर भी उपलब्ध होते हैं। उन्होंने इस संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी भारती चंदेल ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित




**अनोखा तीर, हरदा।** जन अभियान परिषद हरदा के अंतर्गत नवांकुर संस्था घासीराम शिक्षण एवं सामाजिक कल्याण समिति हरदा, सेक्टर-5 विकासखंड हरदा द्वारा प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम एजुकेशन हब संस्थान हरदा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरदा सेक्टर की सात प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक संदीप गौहर ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति प्रतिनिधियों एवं नवांकुर सखियों को संबोधित करते हुए बताया कि ग्राम में पर्यावरण संरक्षण के लिए नर्सरी स्थापना करना, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना तथा सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के माध्यम से ग्राम के ऐसे युवक-युवतियों को, जिन्होंने कक्षा 12 के बाद पढ़ाई छोड़ दी है, उन्हें बीएसडब्ल्यू तथा स्नातक के बाद एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई करने का अवसर भी जन अभियान परिषद उपलब्ध कराता है। घासीराम संस्था के सचिव विक्रमादित्य टांक ने समिति के कार्यों की जानकारी सभी के समक्ष रखी। परामर्शदाता जया साकल्ले ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी, वहीं संजय ढाटे ने संस्था पंजीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया। इस अवसर पर दीपांशु सोनी, श्रीमती शीतल टांक, सीडब्ल्यूसी प्रमोद पुरबिया, हेमलता प्रजापति, राजवंती कुशवाह, अर्चना बड़ोदिया सहित नवांकुर सखियां और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक में ट्रस्ट गठन का लिया निर्णय

**अनोखा तीर, हरदा।** सोमवार को सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई। समाज के अध्यक्ष संदीप स्वामी ने बताया कि बैठक में सनाढ्य ब्राह्मण समाज का एक ट्रस्ट बनाए जाने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, जिससे समाज की परिसंपत्तियों का व्यवस्थित परिचालन किया जा सके। बैठक में मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन तथा मंदिर के स्थापना दिवस पर अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ, छप्पन भोग और महाआरती आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों



का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में समाज के अध्यक्ष संदीप स्वामी एवं कार्यकारिणी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत गोस्वामी सहित कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी हरिमोहन शर्मा, अनुराग करोलिया, विशाल तिवारी, आदित्य दोनेरिया, हरीश जोशी, जय पाराशर, आलोक पिपलोनिया, अक्षय दुबे, विवेक पाराशर, पप्पू भाई पाराशर, राहुल उपमन्यु, प्रकाश भारद्वाज, अक्षय जोशी, नमन शर्मा, नीरज पांडे, अजय शर्मा, आदित्य तेनगुरिया, राजेश शुक्ला, अंकित शर्मा, वरुण पाराशर, राज पाराशर, कान्हा स्वामी, ऋषभ दुबे उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ सदस्य अजय उपाध्याय (मंजू भैया), कृष्ण मुरारी पचौरी, संजय पस्टारिया, प्रमोद जोशी, नरेंद्र पाठक, दिनेश शर्मा, आनंद जोशी आदि का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ। अंत में समाज के अध्यक्ष संदीप स्वामी ने सभी सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

## विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती के लिए किया प्रेरित



**अनोखा तीर, हरदा।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से शुरु होकर 1 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी। इसी क्रम में आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस भोपाल से एस मेजर जोगिंदर सिंह और एनसीओ ध्रुव कुमार विश्वकर्मा ने महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तथा शासकीय आदर्श महाविद्यालय हरदा का भ्रमण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अग्निवीर के रूप में सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में जे.पी. प्रजापति, एस.के. यादव, विजय अग्रवाल, भारती चंदेल और रामनिवास जाट सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



# पिनेकल एकेडमी में रिजल्ट डे मनाया, मेडिकल कैंप का आयोजन

अनोखा तीर, हरदा।

पिनेकल एकेडमी में मंगलवार को रिजल्ट डे मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के दंत और आंखों की जांच के लिए मेडिकल कैंप भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपा उपाध्यक्ष अंशुल गोयल और विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद मनोज महलवार उपस्थित रहे। स्वास्थ्य जांच के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.भरत यादव, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ आदर्श भारद्वाज और डॉ. राघवेंद्र गहलोद मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नपा उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम की घोषणा पर सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि परिणाम हमें सीख देता है। यदि किसी कारणवश किसी विद्यार्थी को कम अंक मिले हैं या असफलता मिली है, तो वह आगे बेहतर करने का संकेत है। इसके लिए लगन, मेहनत और सही लक्ष्य का होना जरूरी है।




इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ.आदर्श भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी आवश्यक है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। स्वागत उद्बोधन पिनेकल एकेडमी के संचालक अब्दुल सईद खान ने दिया। कार्यक्रम का संचालन वासुदेव कुशवाह और वंशिका कैथवास ने किया। इस दौरान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को रैंक के अनुसार सम्मानित भी किया गया। अंत में आभार प्राचार्य काजल पांडे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 107 विद्यार्थियों की आंखों की जांच

मेडिकल कैंप के दौरान डॉ.आदर्श भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों के दंत परीक्षण के लिए एआई स्कैनर मशीन का उपयोग किया गया, जिसकी रिपोर्ट मरीजों को मोबाइल नंबर पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक स्कैनर मशीन की संख्या विश्व में लगभग 150 है, जबकि मध्यप्रदेश में केवल दो मशीनें उपलब्ध हैं, जिनमें से एक मशीन यहां उपयोग में लाई गई। डॉ.राघवेंद्र गहलोद और डॉ.आदर्श भारद्वाज के संयुक्त मार्गदर्शन में कैंप में 157 विद्यार्थियों की जांच की गई, जबकि डॉ.भरत यादव के मार्गदर्शन में 107 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। कैंप के दौरान विद्यार्थियों के अभिभावकों ने इस पहल के लिए स्कूल प्रबंधन की सराहना की।

## विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन तनाव प्रबंधन एवं मनोबल सत्र आयोजित



**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय हरदा में प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के मार्गदर्शन में 13 मार्च से 17 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 4 बजे तक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन तनाव प्रबंधन एवं मनोबल सत्र का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित सत्र में एम्स के मनोरोग विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. तन्मय जोशी ने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या अपनाने, योग-ध्यान करने, पर्याप्त नींद लेने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने की सलाह दी। शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक मनोज शर्मा ने तनावरहित होकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सोमवार को श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा परीक्षा के समय तनाव प्रबंधन के लिए प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई। मंगलवार को सामाजिक तनाव, जीवन कौशल और भावनात्मक संतुलन के महत्व पर आधारित सत्र को सागर ग्रुप भोपाल की मनोवैज्ञानिक डॉ. रितु नंदा ने संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक अजय बिलारे ने बताया कि विभिन्न सत्रों में महाविद्यालय के 250 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। विभिन्न सत्रों में डॉ.राकेश सिंह परस्ते, डॉ.देवेंद्र रोडगे, मनीष परसाई, सुमित शर्मा, डॉ.रीना मालवीय, आयुषी सिसोदिया, मनीषा चौहान, डॉ.परिधि सिंह कनौजिया, डॉ.शिवानी बर्मन, डॉ.प्रियंका राय, डॉ.आशा गायकवाड, डॉ.राहुल सराठे, डॉ.चंद्रकिशोर लोखंडे, रवि व्यास, डॉ.भावना अग्रवाल, डॉ.गुंजन सोलंकी, अंशुल जोशी, डॉ.रविंद्र सोनपुरे, डॉ.योगेश गौर, डॉ.अशोक पवार, डॉ.बलवान सिंह पवार, डॉ.मोहनलाल सूर्यवंशी, राम दयाल मकवाना, बसंत सिंह राजपूत, भगवती प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के किसान सम्मेलन का विरोध करेगी कांग्रेस : मोहन सांई



**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित किसान सम्मेलन का विरोध करने की घोषणा की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि जिले का किसान आज परेशान है और ऐसे समय में मुख्यमंत्री द्वारा किसान सम्मेलन आयोजित करना समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और मंडियों में किसानों की उपज औने-पौने दामों में बिक रही है। उनके अनुसार 2700 रुपये प्रति क्विंटल का गेहूं करीब 2000 रुपये प्रति क्विंटल, 2400 रुपये प्रति क्विंटल की मक्का लगभग 1300 रुपये प्रति क्विंटल और 6200 रुपये प्रति क्विंटल का रायड़ा करीब 5500 रुपये प्रति क्विंटल में बिक रहा है। उन्होंने कहा कि किसान परेशान है, वहीं महंगाई लगातार बढ़ रही है। मोहन सांई ने कहा कि सरकार किसानों के नाम पर बड़े कार्यक्रम आयोजित कर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन किसानों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। जिला कांग्रेस ने इस सम्मेलन का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों में जाकर किसानों से संपर्क किया है और कई किसानों ने विरोध का समर्थन भी दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा। उन्होंने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। गांवों में किए गए जनसंपर्क के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव गोविंद सिंह सुरमा, जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह राजपूत, खिरकिया नगर अध्यक्ष आशुतोष कोठारी, रविन्द्र बिश्नोई, लोकेश जायसवाल, प्रेरक सारण, सतीश भादू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)**

क्रमांक/ /प्रवा./अपर कले./26 सतना दिनांक-21/01/2026

**// सार्वजनिक सूचना //**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेंद्र किरार पिता श्री किशोर उम्र 34 वर्ष, (15/06/1991) स्थिति-अविवाहित व्यवसाय- मजदूरी स्थायी निवासी भवन क्रमांक-160 वार्ड नम्बर 10, किराने की दुकान के पीछे, तहसील- नजरपुरा, जिला- हरदा (म.प्र.) पिनकोड 461228 एवं आवेदिका नीलम कुशवाहा पिता श्री सभापति कुशवाहा उम्र 28 वर्ष (22/07/1999), स्थिति तलाकशुदा, व्यवसाय गृह कार्य स्थायी निवासी-111/102 उतैली सतना शिवाजी वार्ड सतना थाना कोलगवां तहसील-रघुराजनगर, जिला-सतना (म.प्र.)- पिनकोड 485001 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 19/01/2026 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 23/03/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-सतना (म.प्र.)**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार, AU SMALL FINANCE BANK LTD शाखा हरदा द्वारा भावी ऋण श्री बुरहानुद्दीन अली पुत्र श्री जुल्फेकार अली और श्री शब्बीर अली पुत्र श्री जुल्फेकार अली दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 21 हरदा, तहसील हरदा, जिला हरदा (म.प्र.) को ऋण प्रदान कर रहे है, संपत्ति परिवर्तित भूमि खसरा क्रमांक 248/1/3, कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट (55.741 वर्ग मीटर), मौजा हरदाखास, PHNo. 10, वार्ड क्रमांक 21 संजय वार्ड हरदा, तहसील हरदा, जिला हरदा (म.प्र.) में स्थित है। सदर संपत्ति का सौदा विक्रेता श्री ओमप्रकाश गोयल पुत्र श्री चिरौंजीलाल गोयल से मुझ पक्षकार द्वारा किया गया है। उक्त संपत्ति वर्तमान में विक्रेता श्री ओमप्रकाश गोयल पुत्र श्री चिरौंजीलाल गोयल के नाम से दर्ज है। जिसे इसके द्वारा क्रेता श्री बुरहानुद्दीन अली पुत्र श्री जुल्फेकार अली और श्री शब्बीर अली पुत्र श्री जुल्फेकार अली को विक्रय किया जा रहा है तथा क्रय के बाद उक्त संपत्ति को भावी ऋणी AU SMALL FINANCE BANK LTD शाखा हरदा में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहते है। यह कि सदर संपत्ति पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सहकारी, सकरारी गिरवी या दान बंधक, बक्षीस अन्य किसी भी प्रभार का कोई भार अथवा हक स्वत्व हो या उक्त विक्रय पत्र कही पर बंधक या जमा हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें अथवा रजिस्टर्ड डाक से मेरे कार्यालय पर प्रेषित करे अन्यथा बाद अवधि भावी ऋणी द्वारा सदर संपत्ति पर AU SMALL FINANCE BANK LTD शाखा हरदा में बंधक रखकर ऋण प्राप्त कर लेवेंगे अन्यथा नियत समयावधि अवसान होने के पश्चात मेरे पक्षकार व बैंक भावी ऋणी पर किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचना जाने।

उक्त संपत्ति की चतुरसीमा :- उत्तर-रामप्रसाद अग्रवाल का मकान, दक्षिण-निस्तारी गली, पूर्व-फरजाना सोलंकी का मकान एवं गली, पश्चिम-नगर पालिका मार्ग।

**अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह तोमर**
**कलेक्टर ऑफिस के पास, जोशी कॉलोनी रोड हरदा, तहसील हरदा, जिला हरदा म.प्र.**
**मो.क्र. 9425045476**

**दिनांक : 13/03/2026**

**पश्चिम मध्य रेल**

**पश्चिम मध्य रेलवे सीनियर सेकेन्डरी स्कूल न्यू यार्ड इटारसी**
**संविदा शिक्षकों की भर्ती हेतु वॉक इन इंटरव्यू**

पश्चिम मध्य रेलवे सीनि. सैके. स्कूल न्यू यार्ड इटारसी में शिक्षण सत्र 2026-2027 के लिए संविदा आधार पर अधिकतम 200 कार्य दिवसों हेतु नियुक्ति की जाएगी।
पदों की संख्या, वॉक-इन-इंटरव्यू तिथि एवं मानदेय विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक | कैटेगरी | पदो की संख्या | प्रति माह मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07.04.2026 | पीआरटी (PRT) प्राइमरी टीचर | 09 | 21250/- |
| 2 | | टीजीटी (TGT) अंग्रेजी (English) | 01 | 26250/- |
| 3 | | टीजीटी (TGT) क्राफ्ट (Craft) | 01 | 26250/- |
| 4 | 08.04.2026 | पीजीटी (PGT) जीवविज्ञान (Biology) | 01 | 27500/- |
| 5 | | टीजीटी (TGT) विज्ञान (Science) | 01 | 26250/- |
| 6 | | टीजीटी (TGT) हिन्दी (Hindi) | 02 | 26250/- |
| 7 | | पीजीटी (PGT) हिन्दी (Hindi) | 01 | 27500/- |
| 8 | 09.04.2026 | टीजीटी (TGT) गणित (Mathematics) | 02 | 26250/- |
| 9 | | पीजीटी (PGT) भौतिकविज्ञान (Physics) | 01 | 27500/- |
| 10 | | पीजीटी (PGT) रसायनविज्ञान (Chemistry) | 01 | 27500/- |
| 11 | | पीजीटी (PGT) इतिहास (History) | 01 | 27500/- |
| 12 | | पीजीटी (PGT) समाजशास्त्र (Sociology) | 01 | 27500/- |
| | | कुल पद | 22 | |

उक्त नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यताएं, अर्हताएं, आयु सीमा, अन्य शर्ते एवं आवेदन का प्रारूप पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट www.wcr.indianrailways.gov.in एवं BHOPAL DIVISION PERSONNAL DEPARTMENT के Facebook Page पर उपलब्ध है। आवेदक शैक्षणिक योग्यताएं, अर्हताएं, आयु सीमा, आवेदन फॉर्म तथा अन्य शर्ते डाउनलोड करें। अभ्यर्थी अपनी पात्रता स्वयं जाँचने के उपरांत वॉक इन इंटरव्यू के लिए निर्धारित दिनांक पर दिए गए प्रारूप में आवेदन, आवश्यक मूल एवं स्वसत्यापित प्रमाणपत्रों सहित पश्चिम मध्य रेलवे सीनि सेके स्कूल, न्यू यार्ड इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) 461115 में उपस्थित हों।
साक्षात्कार हेतु पंजीकरण एवं दस्तावेज सत्यापन प्रातः 08:00 से 10:00 बजे के मध्य होगा।"

**हस्ता.**
**प.म.रे. सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, न्यू यार्ड, इटारसी, पमरे**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, हरदा जिला-हरदा**

**ULB Code - 802342, Mail - cmoharda@mpurban.gov.in**

क्र./जनस्वा. शाखा/26/1523 हरदा, दिनांक : 17/03/2026

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिका परिषद, हरदा जिला-हरदा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जनस्वास्थ्य शाखा से स्वच्छता संबंधी कार्यों में लगने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ऑनलाईन निविदा क्रमांक **2026_UAD_490217_1 दिनांक 13.03.2026** को जारी गई है। ऑनलाईन टेण्डर क्रय दिनांक **16/03/2026** समय सुबह **10:00** बजे से दिनांक **15/04/2026** समय सायं **5:30** बजे तक एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **15/04/2026** समय सायं **5:30** बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हरदा**


## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम स्टापर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# संपादकीय

## तेल ठिकानों पर हमले से भड़की जंग की आग

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद युद्ध में अब जो तौर-तरीके अपनाए जाने की खबरें आ रही हैं, उससे यह चिंता गहराने लगी है कि इसका असर किस रूप में सामने आएगा। हैरानी की बात यह है कि दुनिया भर में परमाणु या व्यापक विनाश के हथियारों और अन्य मसलों की अपनी सुविधा के मुताबिक व्याख्या करने वाला अमेरिका खुद कई बार सारे तकाजों के खिलाफ जाकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति भी उपेक्षा भाव प्रदर्शित करता है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर मिसाइल दागे जा रहे हैं और व्यापक पैमाने पर जानमाल की क्षति हो रही है, लेकिन अमेरिका और इजराइल के साझा हमले में कई ऐसे ठिकानों पर भी बमबारी की गई, जिसके पर्यावरणीय और मानवीयता पर असर को लेकर दुनिया भर में सवाल उठे हैं।

मसलन, प्रतिद्वंद्विता के क्रम में या ईरान को झुकाने के लक्ष्य से वहां एक स्कूल पर हमले के अलावा कई शहरों में तेल ठिकानों पर मिसाइल दागे गए। उससे बाद वहां जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उसका असर दीर्घकालिक होगा और इसकी मार सिर्फ आम लोगों को झेलनी होगी।

एक ओर विश्व भर में यह उम्मीद की जा रही है कि इस युद्ध की वजह से तेल और गैस के साथ-साथ अन्य कई मोर्चों पर व्यापक संकट गहराने के मद्देनजर शांति की राह खोजी जाएगी, दूसरी ओर खबर यह आई कि अमेरिका ने शनिवार को ईरान के खर्ग द्वीप पर हमला करके मसले को और जटिल स्वरूप दे दिया।



हालांकि अमेरिका का कहना है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों पर हमला किया और तेल ढांचों को निशाना नहीं बनाया। मगर खर्ग द्वीप को जिस तरह ईरान के सबसे बड़े तेल भंडार और नब्बे फीसद कच्चे तेल के निर्यात के केंद्र के रूप में जाना जाता है, उसमें कहना कठिन है कि हमलों का असर सीमित होगा।

अगर हमलों की जद में तेल भंडार भी आए, तो उसके नतीजों की कल्पना की जा सकती है। फिर इस पर ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी, खाड़ी देशों में स्थित तेल रिफाइनरियों पर कैसा खतरा पैदा होगा, कहना मुश्किल है।

इस क्रम में बड़े पैमाने पर तेल ठिकाने नष्ट होते हैं, तो आने वाले वक्त में दुनिया भर में संकट गहराएगा। युद्ध की चरम अवस्था में भी यह उम्मीद की जाती है कि इसमें शामिल देश संघर्ष की स्थिति में तय किए गए नियम-कायदों और मानवीयता का खयाल रखेंगे। मगर हालत यह है कि इस संबंध में मानवीय प्रश्नों की तो दूर, युद्ध को लेकर बने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बिना किसी हिचक के धता बताया जा रहा है।

विश्व भर में इसे लेकर चिंता जताई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले की निंदा कर चुके हैं। रूस भी कह चुका है कि हम जिस अंतरराष्ट्रीय कानून की बात करते हैं, वह लगभग खत्म हो चुका है।

इसके अलावा, तेल ठिकानों पर हमले के बाद बहुत बड़े दायरे में जो पर्यावरणीय प्रभाव सामने आ रहे हैं, उसका खमियाजा आखिर कौन भुगतेगा? खबर यह भी आई कि अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों के बाद ईरान के आसमान से काली स्याही जैसा तरल बरस रहा है। अंधाधुंध हमलों के बाद युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों की जिंदगी जिस हालत में पहुंच गई है और मानवीयता के सभी तकाजे दरकिनार किए जा रहे हैं, वह सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

## जनपद पंचायत सभा कक्ष में एचपीवी वेक्सिनेशन कार्य की हुई समीक्षा बैठक

**अनोखा तीर, बड़वाह।** जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार स्थानीय जनपद पंचायत के सभा कक्ष में एचपीवी वेक्सिनेशन कार्य में प्रगति लाने के उद्वेश्य से बैठक आयोजित की गई। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी सत्यनारायण दर्रो, तहसीलदार श्रीमान शिवराम कनासे, जनपद पंचायत अधिकारी राजकुमार जैन, स्वास्थ अधिकारी राजेंद्र मिमरोट, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रेवाराम वर्मा,



विकासखंड स्रोत समन्वयक मेवाराम बर्मन, तहसीलदार सनावद, शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो एवं प्रतिनिधियों उपस्थित थे। उक्त बैठक में उपस्थित समस्त विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने बड़वाह विकास खण्ड में वेक्सिनेशन की अत्यंत धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र ही लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित अपर सचिव शिक्षा एवं जिला पंचायत अधिकारी खरगौन भी सम्मिलित हुए। जिन्होंने वेक्सिनेशन के 450 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपने अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर कार्य को पूरा करने के लिए निर्देश दिए। जबकि वह स्वयं भी सीधे शासकीय हॉस्पिटल पहुंचे तथा वेक्सिनेशन कार्य की जानकारी ली। बैठक में प्राचार्य डॉ. परेश विजयवर्गीय, श्रीमती हंसा कानूडे, विकासखंड शिक्षा कार्यालय प्रमुख यतींद्र जोशी तथा शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राचार्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महापौर कप में जिमखाना और आरसीसी की जीत

**अनोखा तीर, खंडवा।** शहर में पहली बार आयोजित महापौर कप 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता में राउंड-2 के मुकाबलों में जिमखाना और आरसीसी टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। जिमखाना क्रिकेट मैदान पर आयोजित इस रात्रिकालीन टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं और बड़ी संख्या में दर्शक मुकाबलों का आनंद ले रहे हैं। तीसरे मुकाबले में जिमखाना न एसडीसीए को आसानी से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसडीसीए की टीम 86 रन ही बना सकी।



जिमखाना की ओर से गौरव दशोरे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। जवाब में जिमखाना ने अंश की नाबाद 46 रन की पारी की बदौलत लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। अंश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथे मुकाबले में आरसीसी ने एमपीसीए को 51 रन से हराया। आरसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाए, जिसमें जुबेर ने 51 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। जवाब में एमपीसीए की टीम 150 रन पर सिमट गई। आरसीसी की ओर से गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन रहा। जुबेर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता संयोजक विक्की भावरे ने बताया कि टूर्नामेंट के मुकाबले रोमांचक हो रहे हैं और खिलाड़ियों के प्रदर्शन से दर्शकों में उत्साह बना हुआ है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## अगले दस साल में बीमारियां खत्म कर देगी एआई

एआइ निर्देशित मशीन से काम के घंटे कम हो सकते हैं, जिससे लोगों के पास अधिक समय रहता है और जिसे वे अपने परिवार के साथ बिताने में खर्च कर सकते हैं। मगर यह कितना संभव हो पा रहा है? एआइ के तंत्र ने व्यक्तिगत डेटा को सार्वजनिक कर दिया है, जिससे गोपनीयता की समस्या उभर रही है। समाज में आर्थिक असमानताओं में वृद्धि के कारण एआइ तंत्र का लाभ उठाने के लिए लोगों को तकनीकी ज्ञान और संसाधनों की आवश्यकता होती है, जिससे समाज में अन्य प्रकार की असमानताएं बढ़ सकती हैं। इसलिए लोगों को एआइ और नवीन तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ इससे होने वाले खतरों से अवगत करना होगा। सरकार या प्रशासन को भी एआइ प्रणालियों के उपयोग को नियंत्रित करना होगा, ताकि वे सुरक्षित और न्यायसंगत बन सके। तकनीक कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, मनुष्य का स्थान नहीं ले सकती।

**ज्योति सिडाना**

इसमें कोई दोराय नहीं है कि कृत्रिम बुद्धि यानी एआइ एक दोधारी तलवार है, जिसे सही नियमों और नैतिक दिशा-निर्देशों के साथ इस्तेमाल किया जाए, तो मानवता के लिए वरदान है। दूसरी तरफ इसकी अनियंत्रित वृद्धि सामाजिक और नैतिक ताने-बाने के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। क्या मानव समाज में एआइ की सच में इतनी जरूरत है?


मनुष्य ने मशीनों का आविष्कार किया अपने काम को सरल बनाने और कम समय में अधिक काम पूरा करने के लिए, ताकि बचे हुए समय में अपनों के साथ एक खुशहाल जीवन जी सके। मगर यह नहीं सोचा गया होगा कि एक दिन मशीनें ही मनुष्यों का स्थान लेने लगेंगी और उनके अस्तित्व के समक्ष चुनौती उत्पन्न हो जाएगी। जब तक मनुष्य प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चल रहा था, एक खुशहाल जीवन जी रहा था। जैसे ही उसने विकसित तकनीक का प्रयोग करके प्रकृति के नियम को तोड़ने और तकनीकी व आभासी वातावरण बनाने की कोशिश शुरू की, समाज अनेक तरह के जोखिमों का सामना करने लगा।

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक डेमिस होसाबिस का तर्क है कि जहां एआइ के विकास से संभावनाएं बढ़ी हैं, वहीं उसके खतरे भी उभरे हैं। एआइ की दौड़ में कुछ देश या कंपनियां सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज कर सकती हैं। ऐसा करने पर यह तकनीक मानवता के लिए विनाश का कारण बन सकती है। उनका तर्क है कि एआइ को बच्चों की तरह ही नैतिकता और इंसानियत सिखाने की जरूरत है। वे चाहते हैं कि ऐसी एआइ विकसित हो, जो न सिर्फ बुद्धिमान हो, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार भी हो।

माना जा रहा है कि 2030 तक इतना सोचने वाली मशीन आ जाएगी, जो इंसानी क्षमता से अधिक तेज और ज्ञानवान होगी। वह हमारे आसपास की दुनिया को गहराई से समझेगी और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में घुलमिल जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि एआइ अगले दस साल में बीमारियों को खत्म कर देगा। सवाल यह है कि प्राकृतिक वातावरण में इतनी बीमारियां तो नहीं थीं, जितनी आज के डिजिटल वातावरण में विकसित हुई हैं, तो क्या ये बीमारियां विकसित तकनीक के अधिक उपयोग के कारण ही उभर रही हैं?

पहले मशीन एक सहायक के रूप में प्रयुक्त होती थी और मुख्य भूमिका मनुष्य की होती थी, लेकिन अब मुख्य भूमिका में एआइ (विकसित मशीन) है और मनुष्य केवल सहायक की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में मनुष्य का शरीर और दिमाग, दोनों ही शिथिल पड़ने लगते हैं और अनेक तरह की बीमारियों का घर बन जाते हैं।

यह भी कहा जा रहा है कि 2030 तक करोड़ों नौकरियां चली जाएंगी, क्योंकि एआइ मनुष्य से अधिक कुशलता से काम कर सकती है। ऐसे में समाज में एक नए प्रकार का विभाजन उभरेगा–श्रेष्ठ बौद्धिक जनसंख्या और कम बौद्धिक जनसंख्या। मशीन मनुष्य से अधिक संपूर्णता से काम करती है, इसलिए लोग उस पर ज्यादा विश्वास करने लगते हैं। इस कारण से हर क्षेत्र के विशेषज्ञों और उनके कौशल को चुनौती मिल रही है।




डाक्टर की जगह एआइ बहुत गहनता से मेडिकल रपट की जांच करती है और बीमारी का कारण व निदान बताने लगी है। शिक्षकों की जगह एआइ से पढ़ने में विद्यार्थी अधिक रुचि लेने लगे हैं। वास्तुविद, काउंसलर, फैशन, प्रशिक्षक, कोच, व्यायाम–सभी क्षेत्रों में एआइ ने अपना प्रभुत्व जमाना शुरू कर दिया है। ऐसे में युवाओं को लगता है कि अब उन्हें परिवार, मित्र या अन्य किसी की जरूरत नहीं है। सभी की कमी एआइ से पूरी की जा सकती है।

एआइ युवा पीढ़ी की विश्लेषण करने और अलग तरह से सोचने की क्षमता को प्रभावित कर रही है। मसलन, पहले कुछ भी लिखने के लिए सोचना और पढ़ना पड़ता था, लेकिन अब अधिकांश विद्यार्थी और युवा चैट-जीपीटी पर विषय लिख देते हैं और वह कुछ ही सेकंड में उत्तर तैयार करके दे देता है। यहां तक कि पसंद न आने पर अनेक अन्य विकल्प भी देता है। सवाल यह भी है कि क्या उसके द्वारा प्रस्तुत सूचनाएं सौ फीसद सही होंगी। यह एक कृत्रिम यंत्र ही है, जो मनुष्य द्वारा निर्मित है।

फिर इसकी निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यहां यह स्पष्ट हो जाता है कि एआइ का शिक्षा के क्षेत्र पर सबसे खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है। विशेष रूप से समाज विज्ञान के क्षेत्र में इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल सकता है। एआइ ने 'उपयोग के लिए तैयार सामग्री' उपलब्ध कराकर बच्चों को बंधक मस्तिष्क (कैप्टिव माइंड) में बदल दिया है। चाहे कोई 'प्रोजेक्ट' बनाना हो, आवेदन लिखना हो, लेख लिखना हो या फिर किसी शोधार्थी को कोई शोध कार्य करना हो, सभी चैट-जीपीटी और अन्य एआइ ऐप के माध्यम से अपने कार्य को करने लगे हैं।

इससे समय की बचत तो होती है, लेकिन विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता और आलोचनात्मक समझ भी प्रभावित हो रही है। समय अगर किसी उचित काम के लिए बचाया जाना है, तो कुछ हद तक इसे सही कहा जा सकता है, लेकिन बच्चे और युवा उस समय को स्मार्टफोन स्क्रॉल करने, रील बनाने या ऑनलाइन गेम खेलने और यहां तक कि कुछ अपराध में लगा रहे हैं। परिणामस्वरूप छोटी-सी उम्र में ही बच्चे अनेक गंभीर शारीरिक तथा मानसिक बीमारियों का शिकार बन रहे हैं। ऐसा लगने लगा है कि स्मार्टफोन तक ही लोगों का जीवन विश्व सिमट कर रह गया है।

हाल ही में इसरो के एक सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ने इसलिए अपनी पत्नी की हत्या कर दी कि 'मेरे मरने के बाद इसकी देखभाल कौन करेगा।' उनकी इकलौती बेटी अमेरिका में बस गई थी, जिससे उन्हें कोई उम्मीद नहीं थी। इसी तरह मुंबई के एक संभ्रांत इलाके में एक बुजुर्ग दंपति की सड़ी हुई लाश उनके आलीशान बंगले में मिली थी, जिनके दोनों बेटे विदेश में बसने के कारण अपने बुजुर्ग मां-बाप की देखभाल करने में असमर्थ थे। उनके पास अकूत धन-दौलत थी, लेकिन समय नहीं था।

इन घटनाओं में परिवार हर दृष्टि से समृद्ध और संपन्न थे, लेकिन परिवार के सदस्यों में भावनात्मक लगाव और संवादहीनता की स्थिति थी। ऐसी भौतिक संपन्नता और तकनीकी विकास दृष्टि किस काम की, जब बुजुर्ग माता-पिता का अंतिम संस्कार लावारिस की तरह अनजान लोगों द्वारा किया जाए? क्या इसी दिन के लिए लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाते हैं, उनका भविष्य बनाने के लिए अपने जीवन की हर इच्छा को त्याग देते हैं?

एआइ निर्देशित मशीन से काम के घंटे कम हो सकते हैं, जिससे लोगों के पास अधिक समय रहता है और जिसे वे अपने परिवार के साथ बिताने में खर्च कर सकते हैं। मगर यह कितना संभव हो पा रहा है? एआइ के तंत्र ने व्यक्तिगत डेटा को सार्वजनिक कर दिया है, जिससे गोपनीयता की समस्या उभर रही है। समाज में आर्थिक असमानताओं में वृद्धि के कारण एआइ तंत्र का लाभ उठाने के लिए लोगों को तकनीकी ज्ञान और संसाधनों की आवश्यकता होती है, जिससे समाज में अन्य प्रकार की असमानताएं बढ़ सकती हैं।

इसलिए लोगों को एआइ और नवीन तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ इससे होने वाले खतरों से अवगत करना होगा। सरकार या प्रशासन को भी एआइ प्रणालियों के उपयोग को नियंत्रित करना होगा, ताकि वे सुरक्षित और न्यायसंगत बन सके। तकनीक कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, मनुष्य का स्थान नहीं ले सकती।

प्राकृतिक (वास्तविक) बुद्धि में कृत्रिम बुद्धि को विकसित करने की क्षमता है, लेकिन कृत्रिम बुद्धि कभी भी वास्तविक बुद्धि को उत्पन्न नहीं कर पाएगी और न ही उसे विस्थापित कर सकेगी, लेकिन मानव जीवन के समक्ष खतरे और चुनौतियां जरूर उत्पन्न कर सकती है। इस पर समय रहते नियंत्रण करने की जरूरत है।

## विक्रम संवत और उज्जैन : भारतीय कालगणना की ऐतिहासिक धुरी



**-पवन वर्मा**

भारतीय परंपरा के अनुसार विक्रम संवत की स्थापना महान शासक सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। मान्यता है कि उन्होंने 57 ईसा पूर्व शकों पर विजय प्राप्त करने के बाद इस संवत की शुरुआत की। इस विजय को स्मरणीय बनाने के लिए एक नई कालगणना पद्धति प्रारंभ की गई, जो आगे चलकर विक्रम संवत के नाम से प्रसिद्ध हुई। सम्राट विक्रमादित्य की राजधानी उज्जैन मानी जाती है। उस समय यह नगर मध्य भारत का एक महत्वपूर्ण राजनीतिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक केंद्र था। इसी नगर से विक्रम संवत की कालगणना का प्रसार हुआ और धीरे-धीरे यह पूरे उत्तर और पश्चिम भारत में व्यापक रूप से प्रचलित हो गया।

भारतीय कालगणना की परंपरा में विक्रम संवत का विशेष स्थान है। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाला यह संवत भारतीय संस्कृति में नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। यही तिथि हिन्दू नववर्ष के रूप में मनाई जाती है। इस संवत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान उस नगर से भी जुड़ी हुई है जिसने प्राचीन भारत में समय गणना और खगोल अध्ययन को दिशा दी और वह है भारत का प्राचीनतम नगर उज्जैन। प्राचीन भारत में उज्जैन केवल एक राजनीतिक केंद्र नहीं था, बल्कि खगोलशास्त्र, ज्योतिष और पंचांग निर्माण का भी महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता था। इसलिए विक्रम संवत और उज्जैन का संबंध भारतीय इतिहास में विशेष महत्व रखता है।

- **सम्राट विक्रमादित्य और विक्रम संवत–** भारतीय परंपरा के अनुसार विक्रम संवत की स्थापना महान शासक सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। मान्यता है कि उन्होंने 57 ईसा पूर्व शकों पर विजय प्राप्त करने के बाद इस संवत की शुरुआत की। इस विजय को स्मरणीय बनाने के लिए एक नई कालगणना पद्धति प्रारंभ की गई, जो आगे चलकर विक्रम संवत के नाम से प्रसिद्ध हुई। सम्राट विक्रमादित्य की राजधानी उज्जैन मानी जाती है। उस समय यह नगर मध्य भारत का एक महत्वपूर्ण राजनीतिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक केंद्र था। इसी नगर से विक्रम संवत की कालगणना का प्रसार हुआ और धीरे-धीरे यह पूरे उत्तर और पश्चिम भारत में व्यापक रूप से प्रचलित हो गया।
- **उज्जैन : प्राचीन भारत का समय केंद्र–** प्राचीन भारतीय खगोलशास्त्र में उज्जैन को समय और खगोलीय गणनाओं का केंद्र माना गया। अनेक विद्वानों और ज्योतिषाचार्यों ने अपनी गणनाओं का आधार इसी नगर को बनाया। भारतीय ज्योतिष की परंपरा में यह मान्यता रही कि पृथ्वी की गणनात्मक मध्य रेखा (कर्क रेखा) उज्जैन से होकर गुजरती है। इसी कारण ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति, पंचांग निर्माण और समय की गणना में उज्जैन को आधार माना गया। बाद के काल में भी यहां खगोल अध्ययन की परंपरा जारी रही और वेधशालाओं की स्थापना के माध्यम से खगोलीय अध्ययन को आगे बढ़ाया गया।
- **हिन्दू नववर्ष और धार्मिक महत्व –** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा केवल विक्रम संवत का पहला दिन ही नहीं है, बल्कि यह तिथि धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी। इसी तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है। नवरात्रि के ये नौ दिन देवी दुर्गा की आराधना और भक्ति का विशेष पर्व माने जाते हैं। इस दौरान भक्त दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं और घरों तथा मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। हिन्दू नववर्ष केवल एक कैलेंडर का आरंभ नहीं बल्कि भक्ति, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा के नौ दिवसीय उत्सव की शुरुआत भी है।
- **प्रकृति के साथ जुड़ा नववर्ष–** भारतीय संस्कृति में समय की गणना प्रकृति के चक्र से जुड़ी रही है। चैत्र मास में वसंत ऋतु अपने चरम पर होती है। वृक्षों पर नई पत्तियां आती हैं, फूल खिलते हैं और खेतों में फसल पकने लगती है। इस कारण भारतीय मनीषियों ने नए वर्ष की शुरुआत को ऐसे समय से जोड़ा जब प्रकृति स्वयं नवजीवन का संकेत दे रही होती है। यह व्यवस्था इस बात का प्रमाण है कि भारतीय कालगणना केवल धार्मिक आस्था नहीं बल्कि प्रकृति की गहरी समझ पर आधारित थी।
- **गुड़ी पड़वा और विजय ध्वज की परंपरा–** महाराष्ट्र में हिन्दू नववर्ष को गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन घरों के बाहर एक विशेष ध्वज जैसा प्रतीक लगाया जाता है जिसे गुड़ी कहा जाता है। गुड़ी एक लंबी लकड़ी या बांस पर रंगीन वस्त्र बांधकर बनाई जाती है। उसके ऊपर तांबे या चांदी का कलश उल्टा रखा जाता है और उसे नीम तथा आम के पत्तों से सजाया जाता है। गुड़ी को विजय और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। कुछ परंपराओं में इसे सम्राट विक्रमादित्य की विजय से जोड़ा जाता है, जबकि कुछ मान्यताओं में इसे भगवान राम के राज्याभिषेक की स्मृति का प्रतीक माना जाता है।
- **देश के विभिन्न हिस्सों में नववर्ष–** भारत की सांस्कृतिक विविधता के कारण हिन्दू नववर्ष अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है।
- **आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में इसे उगादी कहा जाता है।–** कश्मीर के पंडित समुदाय में यह पर्व नवरेह के रूप में मनाया जाता है। सिंधी समाज में यह पर्व चेतीचंड के रूप में मनाया जाता है, जो उनके आराध्य देव झूलेलाल से जुड़ा हुआ है।
- **भारतीय समाज में विक्रम संवत की परंपरा–** आज भले ही सरकारी और प्रशासनिक कार्यों में ग्रेगोरियन कैलेंडर का उपयोग किया जाता हो, लेकिन भारतीय समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में विक्रम संवत का महत्व आज भी बना हुआ है। विवाह, गृहप्रवेश, नामकरण, यज्ञ और अन्य संस्कारों की तिथियां आज भी हिंदू पंचांग के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। कई व्यापारी समुदाय भी अपने नए लेखा-वर्ष की शुरुआत इसी समय से करते हैं। भारतीय जनमानस में विक्रम संवत केवल एक कालगणना प्रणाली नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास की निरंतरता का प्रतीक है और इस परंपरा की ऐतिहासिक धुरी के रूप में उज्जैन का नाम विशेष सम्मान के साथ लिया जाता है।

## सार-समाचार

### सरोज जैन को 'वीर श्राविका सेवा सम्मान'




**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रीय जैन एकता मंच द्वारा सरोज जैन को सामाजिक सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में नि:स्वार्थ, समर्पित और प्रेरणादायी योगदान के लिए वीर श्राविका सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सरोज जैन वर्षों से सेवा कार्यों में सक्रिय हैं और निरंतर सामाजिक कार्यों में योगदान दे रही हैं। वे हिंदू बाल सेवा सदन एवं गणेश तलाई स्थित नेत्रहीन संघ में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। एकता मंच की खंडवा अध्यक्ष आरती छाबड़ा ने उनकी सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाजजनों ने भी इसे गौरव का विषय बताते हुए उन्हें बधाइयां दीं।

### नारायण बाहेती 'बेस्ट लायन ऑफ द रीजन' सम्मान से नवाजे गए

**अनोखा तीर, खंडवा।** लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 रीजन 11 श्रेया की रीजन कॉन्फ्रेंस में नारायण बाहेती को बेस्ट लायन ऑफ द रीजन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके सेवा कार्यों और लायन्स इमेज बिल्डिंग में योगदान के लिए प्रदान किया गया। रीजन चेयरमेन राजीव मालवीय के नेतृत्व में आयोजित कॉन्फ्रेंस में विभिन्न क्लबों, पदाधिकारियों और सदस्यों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल, नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जय प्रकाश त्रिपाठी, राम जाट, महेश मालवीय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। रीजन चेयरमेन ने बताया कि नारायण बाहेती को नेत्रदान, देहदान, स्वास्थ्य सेवाओं, योग शिक्षा, अन्नदान, दिव्यांग सेवा, शव वाहन संचालन और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। पारिवारिक कारणों से उनकी अनुपस्थिति में यह सम्मान उनके पुत्र अर्पित बाहेती ने प्राप्त किया। रीजन सचिव घनश्याम वाधवा के अनुसार, नारायण बाहेती को यह सम्मान 12वीं बार मिला है और वे 25 वर्षों से लगातार प्रांतीय स्तर पर सम्मान प्राप्त करने वाले पहले लायन हैं। इस उपलब्धि पर विभिन्न पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयां दीं।



### गुड़ी पड़वा पर घंटाघर पर होंगे विविध आयोजन

**अनोखा तीर, खंडवा।** भारत विकास परिषद शाखा खंडवा द्वारा भारतीय नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर 19 मार्च को शहर के घंटाघर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और संस्कारों का संवर्धन है। अध्यक्ष रूपेश पालीवाल, सचिव देवेंद्र सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष प्रवीण लाड़ और कार्यक्रम संयोजक अनूप हिंदुजा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम



सुबह 7 बजे गुड़ी पड़वा उत्सव के साथ प्रारंभ होगा। सुबह 7:30 से 10 बजे तक नि:शुल्क रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सायं 6 बजे दीप प्रज्वलन और 6:30 बजे से अतिथि सम्मान, भारत माता की आरती तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कंचन मुकेश तनवे उपस्थित रहेंगी। विशेष अतिथि के रूप में संतोष राठौर, दर्शनी राठौर, डॉ. शिवशंकर गुर्जर, डॉ. प्रीति गुर्जर और डॉ. अनीश अरझरे शामिल होंगे। सुबह 10 बजे गुड़ी पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनंत अरझरे करेंगे। आयोजन में परिषद के अनेक पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। परिषद ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार शामिल होकर पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने की अपील की है।

### पंधाना पुलिस ने 14 भैंस और वाहन जब्त किए

**अनोखा तीर, खंडवा।** अवैध पशु परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना पंधाना पुलिस ने आयशर वाहन सहित 14 भैंस जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देश पर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर एवं डीएसपी अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 15-16 मार्च की रात मुखबिर से सूचना मिलने पर पंधाना-रुस्तमपुर मार्ग पर वाहन की जांच की गई। जांच के दौरान आयशर वाहन में 14 भैंस क्रुरता पूर्वक भरी हुई पाई गईं। पुलिस ने वाहन क्रमांक स्क्ष२ंस्त्र ९८५५ सहित भैंसों को जब्त किया। इस मामले में जाहिद और सद्दाम निवासी खंडवा के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में निरीक्षक दिलीप देवड़ा, उप निरीक्षक सपन बाजपेई सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अम्बाराम कराड़ा का सम्मान समारोह आयोजित

**अनोखा तीर, खंडवा।** देवनारायण भक्त मंडल जिला खंडवा के तत्वावधान में भाजपा जिला संगठन प्रभारी अम्बाराम कराड़ा का सम्मान समारोह छैगांव देवी स्थित अमृत गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अम्बाराम कराड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कोतवाल धनसिंह गुर्जर और पन्नाधाय के देशभक्ति एवं त्याग को स्मरण करते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सेवकराम चौहान, भाईराम पटेल, छीतर लाहोरिया, सेवादास पटेल, शंकरलाल पटेल और गोविंद पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजजन उपस्थित रहे। संचालन किशोर पटेल ने किया तथा आभार राजेश परिहार ने व्यक्त किया।

## घाटीखास में जल संचय अभियान के तहत श्रमदान


**अनोखा तीर, खंडवा।** जल संचय जन भागीदारी 2.0 अभियान के तहत पंधाना विकासखंड के ग्राम घाटीखास में पहाड़ियों पर कंटूर ट्रेंच निर्माण के लिए सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर गांव का पानी गांव में ही रोकने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, महापौर अमृता अमर यादव, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशीर, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा काले, महेंद्र सावनेर और एसडीएम दिनेश सांवले सहित अन्य उपस्थित रहे। विधायक छाया मोरे ने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में खंडवा जिले ने पिछले वर्ष उत्कृष्ट कार्य किया है और इस वर्ष भी बेहतर परिणाम लाने का प्रयास किया जाएगा। महापौर अमृता यादव ने बताया कि 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0 शुरू होगा, जिसके तहत वर्षा जल के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरचनाओं के निर्माण से जलस्तर में सुधार होगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि वर्षा का पानी संरक्षित नहीं होने से गर्मी में जल संकट उत्पन्न होता है, इसलिए कंटूर ट्रेंच जैसे कार्यों के माध्यम से पानी को जमीन में समाने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौड़ा ने बताया कि घाटीखास में लगभग 10 हजार कंटूर ट्रेंच बनाए जाएंगे तथा जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के कार्य किए जाएंगे, जिससे भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी।



# पंचकल्याणक महोत्सव हेतु प्रतिमाएं खंडवा पहुंचीं

### शोभायात्रा निकली





**अनोखा तीर, खंडवा।**

अप्रैल में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों के तहत भगवान की प्रतिमाएं खंडवा पहुंचीं, जिन्हें भव्य शोभायात्रा के रूप में मंदिर तक ले जाया गया। जैन समाज के तत्वावधान में 11 से 16 अप्रैल तक पंचकल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन मुनि आदित्य सागर महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में भगवान मुनीसुव्रत और भरत भगवान की चार-चार फीट की खड्गासन प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन प्रतिमाओं का निर्माण जयपुर में कराया गया था, जो तैयार होकर खंडवा पहुंचीं। पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान विशेष अनुष्ठानों के माध्यम से प्रतिमाओं को भगवान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया ने बताया कि प्रतिमाओं को इंदौर रोड स्थित आदिनाथ जैन मंदिर से टाउन हॉल, नगर निगम, घंटाघर होते हुए बजरंग चौक स्थित मंदिर तक शोभायात्रा के रूप में लाया गया।


इस दौरान ढोल-नगाड़ों और भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया और समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज सभी शिकायतों का समय सीमा में संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कोई भी शिकायत नॉट अटेंड न रहे, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, के.आर. बडोले, अरविंद चौहान, एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा तथा सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशीर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में शिकायतों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को नए शिक्षा सत्र से पहले पुस्तक मेला आयोजित करने तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी और अभिभावक लाभान्वित हो सकें। साथ ही एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधों की सुरक्षा और सिंचाई की व्यवस्था ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अमृत सरोवर और अन्य जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने तथा 19 मार्च से शुरू हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांवों में जल यात्राएं, प्रभात फेरी और दीवार लेखन के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। अभियान के पहले दिन सभी पंचायतों में नई जल संरचनाओं के निर्माण कार्य शुरू करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर समिति गठित की गई है। इसके तहत पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और अधूरे कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा।

# इंदौर-इच्छापुर मार्ग बनेगा हाईटेक, सफर होगा तेज और सुरक्षित

**अनोखा तीर, खंडवा।**



आधुनिक तकनीक से बन रहा इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग अब अंतिम चरण में पहुंच रहा है। भेरूघाट, बाईग्राम और चोरल घाट पर सुरंगों व वायाडक्ट के निर्माण से यह मार्ग पूरी तरह सुरक्षित और सुगम बनने जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं में बड़ी कमी आने की संभावना है। इस चार लेन मार्ग के तैयार होने के बाद वाहन चालकों को घुमावदार रास्तों और ऊंची चढ़ाई से राहत मिलेगी। पहाड़ियों के बीच सुरंगों से सीधा रास्ता मिलने पर समय, ईंधन और दूरी तीनों की बचत होगी।

वर्तमान में इंदौर पहुंचने में लगने वाला करीब तीन घंटे का समय घटकर लगभग डेढ़ घंटे रह जाएगा। करीब 33.40 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। भेरूघाट में 575 मीटर, बाईग्राम में 480 मीटर और चोरल घाट में 550 मीटर लंबी सुरंगें तैयार की जा रही हैं। इसके साथ ही पुल, वायाडक्ट और अंडरपास जैसे ढांचे भी बनाए जा रहे हैं, जिससे ब्लैक स्पॉट समाप्त होंगे और सुरक्षा बढ़ेगी। यह मार्ग इंदौर-हैदराबाद कॉरिडोर की महत्वपूर्ण कड़ी भी बनेगा, जिससे बुरहानपुर और महाराष्ट्र की ओर आवागमन तेज होगा। परियोजना पूरी होने पर क्षेत्र में यातायात सुविधा के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर 19 मार्च तक भारी वाहनों पर रोक

**अनोखा तीर, खंडवा।** भूतड़ी अमावस्या और गुड़ी पड़वा पर्व के दौरान ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने खंडवा-इंदौर मार्ग पर 17 से 19 मार्च तक भारी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार 17 मार्च सुबह 6 बजे से 19 मार्च रात्रि 12 बजे तक इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। बुरहानपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन देशगांव से खरगोन, कसरावद, खलघाट और महू होते हुए इंदौर जाएंगे। वहीं इंदौर से आने वाले वाहन महू, खलघाट, कसरावद, खरगोन और भीकनगांव होते हुए देशगांव के रास्ते खंडवा-बुरहानपुर की ओर पहुंचेंगे। आदेश में आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट दी गई है, जिनमें दूध, पानी टैंकर, फायर ब्रिगेड, पुलिस, आर्मी, विद्युत सेवा, एलपीजी व पेट्रोलियम परिवहन, सब्जी वाहन और यात्री बसें शामिल हैं।

### गौशाला समस्याओं के निराकरण के लिए 15 दिन का समय

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक मंगलवार को अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत खंडवा के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में शासकीय एवं अशासकीय गौशालाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में जिले की गौचर भूमि की स्थिति पर चर्चा की गई। अंजनी माता, नंदमोहन और श्रीराम गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने चरनोई भूमि पर अतिक्रमण की समस्या रखी। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए 15 दिवस की समयसीमा तय की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गौशालाएं मृत पशुओं के निस्तारण के लिए समाधि खाद प्रक्रिया अपनाएं। साथ ही वर्षभर की आवश्यकता के अनुसार भूसा भंडारण सुनिश्चित करने और किसानों को भूसा दान के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. हेमंत शाह ने हिरण्य गर्भा योजना के तहत पशुओं की नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।



# हिंगलाज जयंती पर निकली भव्य चुनरी यात्रा



**अनोखा तीर, खंडवा।** मां हिंगलाज जयंती के अवसर पर मलिकुंआ स्थित प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ प्राकट्य उत्सव मनाया गया। दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूजन, आरती व भंडारे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मंदिर में माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया। यादव परिवार द्वारा कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। भावसार समाज द्वारा भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई, जो कहारवाड़ी चौक स्थित धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मंदिर पहुंची। यहां विधि-विधान से पूजन, आरती और कन्या भोज आयोजित किया गया। समाजजनों में इस अवसर पर विशेष उत्साह देखा गया। चुनरी यात्रा के बाद श्रद्धालु जसवाड़ी रोड स्थित भावसार बालक धाम आश्रम और हिंगलाज वाटिका पहुंचे, जहां दर्शन के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुआ। रात्रि में महाआरती और भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां हिंगलाज को 51 शक्तिपीठों में प्रमुख मानते हुए आस्था व्यक्त की और बड़ी संख्या में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### नर्मदा में 19 मार्च तक जलस्तर स्थिर रखने के निर्देश

**अनोखा तीर, खंडवा।** भूतड़ी अमावस्या और गुड़ी पड़वा पर्व के दौरान ओंकारेश्वर, महेश्वर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने नर्मदा नदी में नियमित जलप्रवाह बनाए रखने के आदेश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार 17 से 19 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक नर्मदा नदी का जलस्तर एक समान और स्थिर रखा जाएगा, ताकि स्नान एवं पूजा के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस अवधि में अधिकतम तीन टरबाइन चालू रखी जाएं।

### जिले में पुलिस की कार्रवाई, 47 वाहन चालकों पर जुर्माना

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले में पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट, यातायात नियम उल्लंघन और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए हैं। 16 मार्च को अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिपलोद और मूंदी थाना क्षेत्र से तीन आरोपियों के कब्जे से कुल 24 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 47 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट न लगाने, बिना नंबर प्लेट और बीमा के वाहन चलाने जैसे मामलों में 18,200 रुपए समन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस ने नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों में 31 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। साथ ही पुलिस ने अलग-अलग न्यायालयों के 30 जमानती वारंट, गिरफ्तारी वारंट और 47 समन तामील कराए।

**In The Court Of Special Judge Sc/St (P.A.) Act and I Additional Judge To The Court Of I ADJ Sessions, Sessions Division, Harda**
**Presiding Officer: जयदीप सिंह**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MACC/0000059/2023)

नीलू...................... वादी — P.NO-1038/26
Vs — Process Id-/2026
मंजीता......................प्रतिवादी — पेशी दिनांक: 17/04/2026

प्रेषिती-(1) हेमराज वर्मा पिता शेरसिंह ठाकुर पता शास्त्री कालोनी भैरुन्दा जिला, सिहोर म.प्र.

यह कि प्रार्थी नीलू ने आपके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख **05 March 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय का मुद्रा** — **(जयदीप सिंह)**
**टिप्पणी:-प्रकाशन हेतु** — **सदस्य मो.दु. दावा अधिकरण जिला-हरदा (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।**

## सार-समाचार

### नगर परिषद ने वर्ष 2026-27 का बजट किया पारित

**अनोखा तीर, बुधनी।** स्थानीय नगर परिषद की परिषद बैठक अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, पार्षद प्रभात भदोरिया, यशवंत चौहान, संतोष राजपूत, श्रीकांत शर्मा, रजनी हरदयाल सिंह आजाद, आरती किशन मालवीय, गीता तेकाम, सुश्री



राखी केथवास तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बजट में नगर विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। अध्यक्ष श्रीमती मालवीय ने बताया कि बजट का मुख्य उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना है। साथ ही विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई, शोभापुर में मिठाई दुकान पर की गई जांच

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** गत दिवस शोभापुर सोहागपुर स्थित राजस्थान मिष्ठान भंडार में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा शिकायत के आधार पर जांच की गई। इस दौरान मलाई पेड़ा और बर्फी के नमूने लिए गए और एक्सपायर्ड



खाद्य पदार्थ पाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा ने संबंधित विक्रेता के विरुद्ध दस्तावेज तैयार किए हैं। संग्रहित नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा प्रशासन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा शोभापुर एवं पिपरिया के पानीपुरी, चाट एवं अन्य स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

### श्री रामजानकी दरबार प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** शहर के मध्य गांधी चौक पर स्थित राम जानकी मंदिर में भव्य आयोजन 23 से 27 तक श्री रामजानकी दरबार प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भगवान राम और उनकी पत्नी सीता की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। कार्यक्रम 23 मार्च सोमवार कलश यात्रा प्रातः 9 बजे पंचांग पूजन एवं गृह स्थापना। 24 मार्च मंगलवार अग्नि स्थापना, हवन, जलाधिवास। 25 मार्च



बुधवार अन्ना धिवास, फला धिवास, घृता धिवास, पुष्पा धिवास। 26 मार्च गुरुवार भगवान जी की शोभायात्रा प्रातः 9 बजे से महास्नान। 27 मार्च शुक्रवार को भव्य रूप से प्राण-प्रतिष्ठा प्रातः 9 से 10.30 बजे, पूर्णाहुति प्रातः 11 बजे श्री राम जन्मोत्सव, महाआरती एवं प्रसादी आचार्य पं. मोहन बाबू शास्त्री सेवा निवृत्त धर्माचार्य भारतीय सेना होंगे। समिति के सदस्यों द्वारा शहर के सभी श्री राम भक्त एवं नगरवासियों से भव्य कार्यक्रम में आने की अपील की गई है।

### प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**अनोखा तीर, माखननगर।** गांव के समग्र विकास में स्थानीय समितियां की भूमिका मजबूत करने के लिए मप्र जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था साथी सामाजिक सेवा समिति ने सेक्टर क्रं 05 के ग्राम तालकेसरी में एक दिवसीय प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य और नवांकुर



सखियां शामिल हुई। विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में परामर्श दाता राकेश ने समितियों के उद्देश्य व सामाजिक भूमिका की जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण में पर्यावरण संरक्षण, समाज कल्याण, स्वच्छता अभियान, दस्तावेजीकरण, समिति के कार्य का लक्ष्य निर्धारण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। बताया कि समितियां आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार कर सकती हैं। इसके लिए दस्तावेजीकरण, सोसायटी पंजीयन, वृक्षारोपण, नर्सरी व कार्यालय निर्माण, सूचना बोर्ड, दीवार लेखन और जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रशिक्षण दिए गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा सेक्टर की विभिन्न प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर सखी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राम मीना द्वारा किया गया।

# सांस्कृतिक विरासत की महक और सिंधी व्यंजनों का स्वाद चैती चांद महोत्सव का आगाज

**अनोखा तीर, इटारसी।**

नगर की फिजाओं में इन दिनों सिंधी संस्कृति के सतरंगी रंग घुलने लगे हैं। आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी के जन्मोत्सव चैती चांद के पावन उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा आयोजित महोत्सव का शानदार शुभारंभ सिंधी मेला के साथ हुआ। जिसका फ्रेंड्स स्कूल का मैदान इस उत्सव का साक्षी बना, जहां परंपराओं का सम्मान और आधुनिकता का उत्साह एक साथ नजर आया। सांस्कृतिक शाम का आगाज एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन की कमान पूज्य पंचायत सिंधी समाज और भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा के हाथों में रही। अतिथियों ने समाज के इस एकजुट प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ही शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को जीवंत रखते हैं।



#### सिंधी जायके और बचपन की किलकारियां

मेले का सबसे बड़ा आकर्षण फूड जोन रहा, जहां सिंधी व्यंजनों की सौंधी खुशबू ने हर किसी को अपनी ओर खींचा। कढ़ी चावल, बेसन की डोडा टिक्की, और छोले पकवान जैसे पारंपरिक स्वादों के साथ-साथ आधुनिक व्यंजनों के स्टॉल्स पर जायके के शौकीनों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां एक ओर बच्चों ने झूलों और मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया, वहीं लकी ड्रॉ के रोमांच ने बड़ों का उत्साह भी दोगुना कर दिया।

**नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का सेतु-** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश नवलानी ने बड़े ही मार्मिक भाव से कहा, यह मेला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली सिंधी कल्चर और जड़ों से परिचित कराने का एक माध्यम है। भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की अध्यक्ष पूनम चेलानी, प्रिया नंदवानी एवं उनकी टीम ने बताया कि इटारसी के कोने-कोने से सिंधी परिवारों ने इसमें शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया है।

#### आगामी कार्यक्रम : श्रद्धा और उल्लास का संगम

बच्चों की प्रतिभा और कला का प्रदर्शन दो दिनों तक मंच पर सजेगा। महिला एवं पुरुषों की वाहन रैली अलग अलग दिन निकलेगी। 20 मार्च (चैती चांद) इस मुख्य दिवस पर शहर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। बहराणा साहब का विधि-विधान से पूजन होगा और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सिंधी कॉलोनी से लेकर पूरे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसका समापन नर्मदापुरम के पावन तट पर नर्मदा में विसर्जन के साथ होगा। सामाजिक सरोकार उपाध्यक्ष श्रीचंद खुरानी के अनुसार, इस दौरान निःशुल्क जनेऊ संस्कार होंगे। जिसमें भोपाल, हरदा और पिपरिया सहित अन्य शहरों से लोग शामिल होकर इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनेंगे।

# बिजली के तारों से स्पार्किंग के कारण गेहूं की फसल जलकर राख

#### -किसान यूनियन ने कृषक को दिया आर्थिक सहयोग

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** क्षेत्र के ग्राम चौतलाय में बिजली के तारों से हुई स्पार्किंग के कारण संतोष लौवंशी के खेत में गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इस आगजनी में संतोष लौवंशी की संपूर्ण फसल का नुकसान हो गया है। भारतीय किसान यूनियन, मध्यप्रदेश ने सहायता के उद्देश्य से 12 हजार रुपए की धनराशि संग्रहीत करके उनके घर पहुंचकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पटवारे, संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश जाट, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह राजपूत, जिला सहमंत्री



राजनारायण रघुवंशी, डोलरिया तहसील उपाध्यक्ष सुभाष गौर, भानुप्रताप रघुवंशी, कमलेश राजपूत, तहसील अध्यक्ष शिवपुर रामेश्वर सेठ, गजानंद पटैल, रामजी राजस्थान ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। चौतलाय सरपंच रामजीवन साध, सियावर और अन्य किसान साथियों ने भी आगजनी से पीड़ित किसान संतोष लौवंशी को भेंट कर सहयोग राशि प्रदान की। उल्लेखनीय है कि संतोष लौवंशी का 2 एकड़ खेत इस आगजनी में पूरी तरह से जलकर राख हो गया है।

#### आंवली घाट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

# स्नान पर्व और नवरात्रि को लेकर प्रशासन सतर्क

**अनोखा तीर, बुधनी।** आगामी स्नान पर्व एवं नवरात्रि के दृष्टिगत सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसडीओपी रवि शर्मा बुधनी, तहसीलदार तथा पीडब्ल्यूडी की टीम के साथ थाना प्रभारी द्वारा आंवली घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। घाट क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग कराई गई है, ताकि स्नान के दौरान भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने स्पष्ट किया कि स्नान पर्व एवं नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। प्रशासन द्वारा किए जा रहे इन इंतजामों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पर्व के दौरान कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

#### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत समापन सत्र में शामिल हुए विधायक

# वरिष्ठ पदाधिकारी ने दिया कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** मंडल सेमरी हरचंद में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत समापन सत्र में विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक श्री सिंह द्वारा कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धि एवं योजनाओं पर मार्गदर्शित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की विचारधारा, सेवा और समर्पण की भावना को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर



बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह और समर्पण संगठन की मजबूती का प्रतीक है। कार्यक्रम का मार्गदर्शन क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश तिवारी, संतोष पारीक, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेंद्र बिश्नोई, सविता दीवान शर्मा, रघुवर राजपूत ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय, राघव पटेल, मंगेश महेश्वरी, धनीराम मौर्य, राजेंद्र शर्मा, मनमोहन अग्रवाल, बृजेश दुबे, हरिशंकर तिवारी, सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अमानक पॉलिथीन पर नपा की सख्ती, 11 सौ रुपए का जुर्माना

अनोखा तीर, नर्मदापुरम। नगर में प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन के उपयोग पर नगरपालिका ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। प्रतिबंध के बावजूद पॉलिथीन का उपयोग कर रहे सब्जी एवं फल विक्रेताओं पर सोमवार देर शाम कार्रवाई करते हुए करीब 10 ठेला संचालकों से कुल 1100 रुपए का जुर्माना वसूला गया। प्रभारी अधिकारी स्वच्छता एवं उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान विक्रेताओं को पहले समझाइश दी जा रही है और पॉलिथीन से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान की जानकारी भी दी जा रही है। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के सभी फल, सब्जी एवं अन्य सामग्री विकेताओं से अपील की है कि वे अमानक पॉलिथीन का उपयोग पूरी तरह बंद करें। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

# खेत में आग लगाने व जान से मारने की धमकी देने वाले पर मामला दर्ज

#### -आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** शिवपुर थाना क्षेत्र में खेत में आग लगाने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मार्च को सुबह करीब 09 बजे घटना घटी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता शिवकुमार यादव निवासी शिवपुर ने पुलिस को बताया कि उनके खेत के पास स्थित खेत में आरोपी मोरसिंह कुशवाह द्वारा पहले से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। घटना के दिन आरोपी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और खेत में खड़ी फसल के बीच आग लगा दी, जिससे आसपास की फसल को भी नुकसान पहुंचा। जब शिकायतकर्ता और अन्य लोग आग बुझाने पहुंचे तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की




धमकी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना शिवपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 296(बी), 351(3), 280, 287, 326 तथा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जांच थाना प्रभारी विवेक यादव द्वारा की जा रही है। पुलिस के अनुसार आग लगने से फसल को नुकसान हुआ है, वहीं समय रहते ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे स्टेशन पर बाथम का भव्य स्वागत, सर्किट हाउस में ली बैठक

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश मत्स्य पालन विभाग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम बाथम के नर्मदापुरम आगमन पर रेलवे स्टेशन परिसर में समाज के युवाओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान युवाओं ने पुष्पमाला पहनाकर एवं उत्साहपूर्वक नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिन केवट, दिलीप कहार, आनंद कहार, उमेश कहार, करण कहार, बसंत मांझी सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्री बाथम का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए समाज के विकास एवं मत्स्य पालन क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इसके पश्चात सर्किट हाउस में समाज के कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाथम ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम



उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही समाज के समग्र विकास एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने कहा कि श्री बाथम के नेतृत्व में समाज को नई दिशा मिल रही है और उनके कार्यों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द एवं सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ।

**अमावस्या पर सेठानी घाट में करेंगे मां नर्मदा का पूजन-** नर्मदापुरम प्रवास के दौरान सीताराम बाथम अमावस्या के अवसर पर मां नर्मदा के पावन सेठानी घाट पर स्नान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। इसके पश्चात वे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### नवरात्रि में मटन-चिकन दुकानें बंद कराने दिया आवेदन, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

**अनोखा तीर, बुधनी।** आगामी 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे नवरात्रि महोत्सव को लेकर नगर में धार्मिक वातावरण को बनाए रखने के उद्देश्य से मटन-चिकन की दुकानों को बंद कराने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नवरात्रि के दौरान भोपाल, बकतरा, नर्मदापुरम सहित विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए प्रसिद्ध सलकनपुर धाम की पदयात्रा करते हैं। इस दौरान बुधनी नगर प्रमुख आस्था केंद्र के रूप में उभरता है, जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुजरते हैं। संगठनों ने कहा कि नगर में खुलेआम मटन-चिकन की बिक्री से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। इसलिए नवरात्रि के नौ दिनों तक इन दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखा जाए। साथ ही प्रशासन से यह भी मांग की गई कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# जवाहर मार्ग चौराहे का नाम होगा मां कर्मा देवी चौराहा

**अनोखा तीर, खातेगांव।**



नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती का आयोजन बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में कार्यक्रम स्थल डाक बंगला मैदान पर पहुंचे। डाक बंगला से बाइक रैली के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ , स्नेह भोज के बाद शाम चार बजे से डाक बंगला मैदान से भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली जहां बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों ने एवं समाज जनों ने पुष्प वर्षा कर शीतल जल, एवं शीतल पेय, शाल श्रीफल साफा बांधकर स्वागत व सम्मान किया।

भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्मा जयंती की शुभकामना देते हुए कहा कि माता कर्मा हम सब की आराध्य है निश्चित ही साहू समाज के लोग बड़े मेहनती है, साहू समाज के लिए जब भी आवश्यकता होगी हम हर सहयोग के लिए साथ हैं। पत्रकार प्रदीप साहू ने संचालन करते हुए विधायक आशीष शर्मा के समक्ष खातेगांव में साहू समाज द्वारा जो दो एकड़ भूमि क्रय की गई है, उस पर धर्मशाला निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की विधायक निधि, सांसद निधि, मुख्यमंत्री अनुदान, राज्यसभा सांसद निधि, इत्यादि से साहू समाज के लिए मांग रखी, नगर परिषद अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी के समक्ष खातेगांव के एक चौराहे को भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी चौराहे के नाम से नामकरण किए जाने की बात रखी जिस पर सहर्ष नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी ने शिव कीर्ति प्रदान करते हुए कहा कि नगर के जवाहर चौक वाला जो चौराहा है उसका नाम मां कर्मा चौराहा रखा जाएगा, विधायक आशीष शर्मा ने खातेगांव साहू समाज धर्मशाला निर्माण के लिए रखी गई मांग पर अपने संबोधन में विभिन्न मदो से 20 लख रुपए की साहू समाज धर्मशाला के लिए घोषणा की। विधायक आशीष शर्मा ने घोषणा का साहू समाज में स्वागत करते हुए उनका आभार मानना। सांसद विवेक बंटी साहू ने समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज इतनी बड़ी संख्या में इस क्षेत्र में है निश्चित ही समाज के हर कार्य में तन मन धन से सहयोग करूंगा जब जैसे भी मेरे सहयोग की आवश्यकता हो समाज मुझे आदेश करें। छिंदवाड़ा में होने वाले शतचंडी महायज्ञ में समस्त साहू समाज सादर आमंत्रित है। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं और खिलाड़ियों को मां कर्मा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं राजकीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों में निशा दिनेश साहू, योगिता रामचंद्र साहू, अजय राजू साहू, नमन प्रदीप साहू, माही संतोष गब्बर साहू एवं संतोष गब्बर साहू, देवनारायण मोहन साहू को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अंशिका दुर्गेश साहू, रोशनी योगेश साहू, निशि हेमंत साहू और भूपेंद्र राकेश साहू को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रथम टॉपर को 32 इंच एलईडी टीवी प्रदान की गई, जो संतोष अनोखीलाल साहू तथा योगेश श्रीराम साहू द्वारा प्रदान की गई। वहीं कक्षा 5वीं एवं 8वीं के प्रथम टॉपर को हीरो साइकिल प्रदान की गई, जो राजेश रामचंद्र साहू एवं सौरभ मनोज साहू द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मां कर्मा देवी की झांकी में क्षमा मोहनलाल साहू ने मां कर्मा का तथा प्रज्वल विकास साहू ने श्रीकृष्ण का रूप धारण किया।

समारोह मे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू, क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी, उमेश गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का समाज जनों ने स्वागत व सम्मान किया।

सांसद विवेक बंटी साहू ने विजेता प्रतिभाओं को पुरस्कार एवं उपहार प्रदान किए। समाज के वरिष्ठ वृद्धजनों, पूर्व सामाजिक अध्यक्षों, पूर्व नवयुवक मंडल अध्यक्षों, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे युवाओं का भी सम्मान किया गया। राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर खेलने वाले सामाजिक खिलाड़ियों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण सुभाष रामाधार साहू, विकास सुभाष साहू, नितिन साहू एवं दीपक बालाराम साहू द्वारा किया गया। साहू समाज धर्मशाला खातेगांव भूमिदाता समाजजन का पूर्व अध्यक्ष रामनारायण साहू की अध्यक्षता में समाज जनों ने समाजसेवीयो का भी अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल साहू प्रदीप साहू ने किया आभार साहू समाज अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व अध्यक्ष साहू समाज सुभाष साहू एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

### नौ दिवसीय महोत्सव का होगा आयोजन

# चैत्र नवरात्रि पर माता की प्रतिमा स्थापित

**अनोखा तीर, देवास।**



शहर के इतिहास में पहली बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिवसीय आराधना की जाएगी। इस भव्य आयोजन को लेकर जन चेतना सामाजिक संस्था द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन की जानकारी देने के लिए एबी रोड स्थित रामाश्रय होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन भी किया गया।

संस्था के अध्यक्ष अजय तोमर ने बताया कि 19 मार्च से 28 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।19 मार्च से 23 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से पांच दिवसीय गरबा, महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद 24 मार्च से 26 मार्च तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा। 27 मार्च शुक्रवार को शाम 6 बजे महाभोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन को प्रसादी वितरित की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन आरती के पश्चात महाप्रसादी वितरण भी किया जाएगा। महोत्सव का समापन 28 मार्च, शनिवार को शाम 4 बजे भव्य झांकी, आकर्षक झांकियों एवं गरबा के साथ विसर्जन चल समारोह के रूप में किया जाएगा, जो सयाजी गेट से प्रारंभ होकर मीठा तालाब तक पहुंचेगा।

कार्यक्रम का आयोजन स्थल वीर सावरकर चौराहा, विकास नगर, देवास (म.प्र.) निर्धारित किया गया है। प्रेसवार्ता में उषा खत्री, अक्षरा तोमर, कविता सिसोदिया, नित्या प्रसाद, सुशीला तोमर, रतना मिश्रा, रितु सावनेर, माया मांझेर, कुसुम दीक्षित आदि ने उपस्थित होकर अपनी-अपनी बात रखी। संस्था ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आज

**अनोखा तीर, बैतूल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री, स्वर्गीय सुश्री सुरभि खंडेलवाल का देवलोकगमन बुधवार, 11 मार्च को हो गया था। उनकी भावभीनी स्मृति में सामूहिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज, बुधवार 18 मार्च को दोपहर 2 बजे से विजय सेवा न्यास के सामने, न्यू बैतूल ग्राउंड कोठीबाजार बैतूल में किया गया है। श्रद्धांजलि सभा में जन प्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारीगण, सामाजिक बंधुगण, कार्यकर्तागण, गणमान्य नागरिक एवं परिजन उपस्थित होकर स्वर्गीय सुश्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त करेंगे।

# महिला ने लगाया कब्जे और गलत सीमांकन का आरोप

### 3 साल से भटक रही न्याय के लिए

**अनोखा तीर, देवास।**

जिले के टोंकखुर्द तहसील अंतर्गत ग्राम धतुरिया की एक 63 वर्षीय महिला किसान ने पड़ोसी कृषकों पर उसकी जमीन और ट्यूबवेल पर कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कलेक्टर से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और पुनः सीमांकन की मांग की है। प्रार्थी श्रीमती बसकन्या बाई के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2017 में ग्राम पालड़ी स्थित सर्वे नं. 54/2 की 0.30 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी, जिस पर उनका पिछले 8 वर्षों से कब्जा है। इससे पूर्व विक्रेता का भी इस भूमि पर लगभग 40 वर्षों से कब्जा रहा है।



महिला का कहना है कि पड़ोसी कृषक बद्रीलाल ने अपने भाइयों के साथ मिलकर गलत तरीके से सीमांकन करवा लिया और अतिरिक्त भूमि अपने पक्ष में दर्शाकर उसकी जमीन पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राजस्व अधिकारियों से कथित सांठगांठ कर सीमांकन में हेरफेर किया गया, जिससे पड़ोसी पक्ष के खातों में जमीन का रकबा अधिक दर्शाया जा रहा है। वहीं महिला की जमीन का नक्शा रिकॉर्ड में छोटा होने से उसका वास्तविक क्षेत्रफल कम दिखाया जा रहा है। महिला ने यह भी बताया कि उसने 8 मई 2024 को सीमांकन के लिए आवेदन दिया था, लेकिन लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, उसे आवेदन की प्राप्ति रसीद तक नहीं दी गई। इसके बाद मामले में राजस्व न्यायालय में प्रकरण चला, जिसमें पूर्व सीमांकन को निरस्त कर पुनः सीमांकन के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देश पर गठित एक राजस्व दल द्वारा मई 2025 में सीमांकन किया गया, जिसे सही बताया गया था। हालांकि, बाद में पुनः शिकायत कर नया सीमांकन कराया गया, जिसे महिला ने गलत बताते हुए आरोप लगाया कि इसमें बिना नोटिस दिए एक तरफा कार्रवाई की गई और उसकी आपत्ति तक दर्ज नहीं की गई।

पीड़िता का कहना है कि पड़ोसी पक्ष के नक्शों में गड़बड़ी के कारण बार-बार गलत नपती हो रही है, जिससे उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। महिला ने स्वयं को निरक्षर बताते हुए कहा कि इसी कमजोरी का फायदा उठाकर उसकी जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है। श्रीमती बसकन्या बाई ने कलेक्टर से मांग की है कि एक संयुक्त राजस्व दल गठित कर सभी संबंधित सर्वे नंबरों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और सही सीमांकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।



## नन्हीं बच्चियों की इबादत ने जीता दिल, कम उम्र में पूरा किया रोजा

**अनोखा तीर, बैतूल।** रमजान के पाक महीने में जहां बड़े-बुजुर्ग इबादत में लगे हैं, वहीं छोटी उम्र के बच्चों में भी रोजे के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर की नन्हीं बच्चियों अशमीरा फातिमा 7 वर्ष, इलमा फातिमा 5 वर्ष और अनबिया फातिमा 4 वर्ष ने रोजा रखकर सभी को प्रभावित किया। यह तीनों सगी बहनों ने पूरे उत्साह के साथ रोजा रखा और दिनभर इबादत में समय बिताया। बच्चियों ने बताया कि उन्होंने रोजा रखकर सभी धर्मों के लोगों के लिए अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। तीनों बच्चियां भीम आर्मी सह संयोजक नर्मदापुरम अलीमुद्दीन के छोटे भाई सलीमुद्दीन की बेटियां हैं। परिवार में धार्मिक माहौल के बीच बच्चियों ने छोटी उम्र में ही रोजे की अहमियत को समझते हुए इसे निभाया। परिजनों के अनुसार तीनों बच्चियों ने बिना किसी कठिनाई के रोजा पूरा किया और पूरे दिन सब्र और अनुशासन के साथ रहीं। इतनी कम उम्र में रोजा रखने की उनकी लगन ने परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी प्रभावित किया। उल्लेखनीय है कि रमजान में रोजा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माना जाता है, जो आत्मसंयम, सब्र और इबादत का संदेश देता है। कम उम्र में बच्चों का इस तरह रोजे के प्रति समर्पण परिवार में मिल रहे संस्कारों और धार्मिक माहौल को दर्शाता है।


**सार-समाचार**

## 2 साल से अधूरी पड़ी बगवाड़ जोड़ से मलकापुर सड़क

### • शिकायत और निर्देशों के बाद भी ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

**अनोखा तीर, बैतूल।** बगवाड़ जोड़ से मलकापुर तक बन रही सड़क का निर्माण कार्य नवंबर 2024 से अधूरा पड़ा है और इसकी गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का निर्माण गुणवत्ता विहीन तरीके से किया जा रहा है। ग्राम के संतोष पवार ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है और ठेकेदार द्वारा काम को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। संतोष पवार के अनुसार उन्होंने इस मामले की शिकायत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी की थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फोन लगाकर निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू है और निर्देशों के बाद भी निर्माण कार्य को लेकर कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरी सड़क अब उनके लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। सड़क पर जगह-जगह धूल और गिट्टी फैली हुई है, जिससे आवागमन करना मुश्किल हो गया है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और राहगीरों को भी धूल और उबड़-खाबड़ रास्ते से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराते हुए अधूरा काम जल्द पूरा कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## भाई पर फर्जीवाड़ा कर पिता की जमीन हड़पने का आरोप



### फर्जी पंचनामा बनाकर वारिस को किया बाहर

**अनोखा तीर, बैतूल।** संपत्ति के लालच में सगे भाई द्वारा धोखाधड़ी कर पिता की जमीन अपने नाम कराने का मामला सामने आया है। विनोबा नगर निवासी कैलाश जैन ने मंगलवार को कलेक्टर से शिकायत कर अपने भाई दिलीप जैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कैलाश जैन ने बताया कि उनके पिता स्व. आनंदराव जैन के नाम मौजा बदनूरढाना में खसरा नंबर 504/1, रकबा 0.014 हेक्टेयर का भूखंड दर्ज था। 24 सितंबर 2021 को पिता के निधन के बाद दिलीप जैन ने फर्जी पंचनामा तैयार कर लिया। इसमें जानबूझकर कैलाश जैन को वारिस के रूप में शामिल नहीं किया गया और अकेले ही संपति अपने नाम कराने की कार्रवाई कर ली गई। कैलाश जैन का आरोप है कि उन्हें पक्षकार बनाए बिना ही पूरी प्रक्रिया गुपचुप तरीके से पूरी की गई और तहसीलदार से अवैध आदेश पारित करवा लिया गया। इस कार्रवाई की जानकारी भी उन्हें नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि वे अपने पिता के वैध वारिस हैं और प्रकरण में उनका पक्ष सुना जाना जरूरी था।

### यूजीसी समता विनियम के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

## उच्च शिक्षा में समानता के समर्थन में एकजुट हुआ आदिवासी समाज

**अनोखा तीर, बैतूल।**




समस्त आदिवासी समाज संगठन द्वारा एसटी, एससी, ओबीसी मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी समता के संवर्धन हेतु विनियम 2026 के समर्थन में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष डॉ. विनीत जोशी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य एवं मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के नाम प्रेषित किया गया। संगठन के दिलीप सिंह धुर्वे ने 13 जनवरी को जारी यूजीसी विनियम को संविधान की भावना के अनुरूप एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह नियम अनुच्छेद 14,15(4), 15(5), 16(4), 21, 38 एवं 46 के तहत समानता, सामाजिक न्याय और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक हितों को मजबूत करता है। लंबे समय से उच्च शिक्षा में असमानता और भेदभाव का सामना कर रहे आदिवासी वर्ग के लिए समता प्रकोष्ठ, भेदभाव निवारण व्यवस्था और निगरानी तंत्र जैसे प्रावधान बेहद जरूरी हैं। बीएल मासोदकर ने मांग रखी कि विनियम का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, समता प्रकोष्ठों की नियमित निगरानी और सोशल ऑडिट किया जाए तथा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और प्रतिनिधित्व आधारित वातावरण बनाया जाए। उन्होंने इसे संवैधानिक नैतिकता और समावेशी लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम बताया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान आदिवासी समाज संगठन के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके, जयस जिलाध्यक्ष संदीप कुमार धुर्वे, बीएल मासोदकर, सरनेराव पाटिल, अंतू सिंह मर्सकोले, दिलीप सिंह धुर्वे, जितेंद्र सिंह इवने, महेश शाह उइके, चुन्नीलाल, प्रेम खातरकर, भूपेंद्र सिंह पंद्राम, अमीश खारे, मदन चौहान, अशोक उइके, कुंवरलाल काकोड़िया, अरविंद चौकीकर, कपिल मर्सकोले, चीनू उइके, विशाल धुर्वे, फत्तू सिंह उइके, राजू उइके, एएल चौकीकर, रामप्रसाद उइके, योगेश धुर्वे सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम मंदिर में विधायक ने दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**अनोखा तीर, देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में द्वादशी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पंवार एवं महाराज विक्रम सिंह पंवार ने सहपरिवार बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### विधायक ने किया अलौकिक श्रृंगार, लगाया 56 भोग



कार्यक्रम के दौरान विधायक गायत्री राजे पंवार ने शीश के दानी बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार करवाया तथा श्रद्धा भाव से 56 भोग अर्पित किया। मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के वातावरण से सराबोर रहा, जहां भक्तों ने बाबा के दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज विक्रम सिंह पंवार ने राज परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर खाटू नरेश की आराधना की। इस दौरान पवित्र ज्योत प्रज्वलित की गई तथा बाबा श्याम की महाआरती उतारी गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन में विधायक गायत्री राजे पंवार एवं महाराज विक्रम सिंह पंवार का श्याम भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति द्वारा सभी अतिथियों, भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।



# जेएच कॉलेज में स्वागत समारोह आयोजित

**अनोखा तीर, बैतूल।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय शिविरों में सहभागिता कर लौटे स्वयंसेवकों का महाविद्यालय में स्वागत समारोह आयोजित कर सम्मान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे द्वारा विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ, प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। एनएसएस का सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा (हरियाणा) में आयोजित किया गया था। इस शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व इश्तियाक अली ने किया। शिविर में उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं नेतृत्व गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसी प्रकार एनएसएस का सात दिवसीय मप्र राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर तक चित्रकूट में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की ओर से भुवनेश्वरी आहाके, नितिन पवार तथा विक्रम पहाड़े, हिमांशु पाटिल ने सहभागिता की। प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को नेतृत्व विकास, सामाजिक सेवा, सामुदायिक जागरूकता तथा व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर संपन्न होने के पश्चात महाविद्यालय में उपस्थित होने पर प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे, एनएसएस जिला संगठन डॉ. जीपी साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सतनकर, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. राजेश सातनकर, डॉ. युगल किशोर सरले, ओम प्रकाश खत्री, कॉलेज स्टाफ सहित एनएसएस के स्वयंसेवक मौजूद थे।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### वार्डवासियों ने अधूरे रेलवे ओवरब्रिज और सर्विस रोड की मांग को लेकर किया चक्काजाम



**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले की टिमरनी तहसील मुख्यालय में मंगलवार शाम को वार्ड नंबर 3 के निवासियों ने कुशवाहा कॉलोनी के पास चक्काजाम कर दिया। यह प्रदर्शन रेलवे ओवरब्रिज के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने, नागरिकों को धूल-गड्ढों बचाने और सर्विस रोड की मांग को लेकर किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन से एक दिन पहले भाजपा पार्षद सुनील दुबे के नेतृत्व में यह जाम लगाया गया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पार्षद सुनील दुबे ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पिछले करीब दो सालों से चल रहा है, लेकिन अब तक यह केवल 40 से 50 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है। इस दौरान वाहनों की आवाजाही के लिए वार्ड नंबर 3 की कुशवाहा कॉलोनी से एक वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था। इस मार्ग से बड़े और छोटे वाहनों का लगातार आवागमन जारी है, जिससे स्थानीय लोगों को पूरे दिन धूल और बड़े-बड़े गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।

#### लोगों का घरों में रहना हुआ मुश्किल

दुबे ने जानकारी दी कि ब्रिज का निर्माण भोपाल की पुनीत चड्ढा कंपनी द्वारा किया जा रहा है। वैकल्पिक मार्ग से केवल छोटे वाहनों और यात्री बसों के निकलने की निर्धारित तिथि 11 जनवरी को समाप्त हो चुकी है। कॉलोनी के निवासियों ने सर्विस रोड बनाने के लिए चार बार प्रदर्शन किया है, लेकिन न तो सर्विस रोड बनाई गई है और न ही ब्रिज का निर्माण पूरा हुआ है, जिससे यहां के लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। पार्षद दुबे ने आरोप लगाया कि ब्रिज निर्माण कंपनी के कर्मचारी छोटे वाहनों के लिए बनाए गए मार्ग से पैसे लेकर लोडेड डंपरों को निकलने दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 5 फरवरी को एसडीएम संजीव नागू ने सड़क किनारे का अतिक्रमण हटाया था। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सबसे पहले सर्विस रोड बनाई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

### जमीन हड़पने की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची बुजुर्ग मां

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिला पंचायत में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपने इकलौते बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया कि बेटे ने उनकी छह एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। शिकायत पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल को भरण-पोषण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के निर्देश



दिए हैं। ग्राम पहटकला निवासी गायत्री बाई ने बताया कि उनके पास कुल दस एकड़ जमीन थी। इसमें से चार एकड़ जमीन उन्होंने पहले ही अपने बेटे को दे दी थी। शेष छह एकड़ जमीन पर बेटे ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बेटे ने उनका पैतृक घर तोड़ दिया है और उन्हें गला दबाने की धमकी दी जा रही है। परेशान होकर गायत्री बाई करीब एक साल से अपनी बेटियों के पास रह रही हैं। उन्होंने बताया कि बेटे ने जमीन लेने के बाद भी न तो उसकी राशि दी और न ही अनाज। वह पिछले 25 सालों से अपने बेटे और बहू से अलग रह रही हैं। गायत्री बाई अपनी छह एकड़ 39 डिसमिल जमीन में से कुछ हिस्सा अपनी दोनों बेटियों को देना चाहती हैं, लेकिन बेटा और उसकी पत्नी उन्हें ऐसा करने नहीं दे रहे हैं और पूरी दस एकड़ जमीन पर कब्जा जमाए हुए हैं। उनकी बड़ी बेटी चिंता बोरदे का ससुराल ग्राम रहटाकला में है और वह अपने पति के साथ भोपाल में रहती हैं। छोटी बेटी ममता पटवारे ग्राम कमताड़ा में रहती हैं।

### कमिश्नर एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त केजी तिवारी और पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला ने मंगलवार को नेहरू स्टेडियम हरदा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा, संयुक्त



कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया सहित जिले के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कमिश्नर केजी तिवारी ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं सभा व्यवस्था का भी अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले आगंतुकों और किसानों की बैठक व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कमिश्नर एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के भ्रमण मार्ग और हेलीपेड का भी अवलोकन किया।

#### कलेक्टर एवं एसपी ने भी किया निरीक्षण

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने मंगलवार शाम को नेहरू स्टेडियम हरदा में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, हितलाभ वितरण सहित प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आम के झाड़ के नीचे माता-बहनों ने खेली पाती

## दिए पारंपरिक झालरे, भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल





**अनोखा तीर, बालागांव।**

ग्राम बालागांव में आयोजित गणगौर महोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के पांचवे दिवस विभिन्न मंडलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं। दिन के समय माता-बहनों एवं गोरनी बाई द्वारा आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झालरे दिए गए। इस दौरान आसपास से आई महिला मंडलियों ने भी सुंदर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम की माताएं बहने द्वारा सुंदर माता रानी के पंडाल में झालरे दिए जाते हैं, मां गणगौर की आरती कर सभी मेवा प्रसादी प्राप्त करते हैं। वहीं रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में गणगौर मंडल हरदा द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। मंडलों के भजनों और पारंपरिक गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गणगौर महोत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग मंडलों की प्रस्तुतियां देखने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह बना हुआ है। आयोजन परिवार के शिवनारायण गौर, भगवानदास गौर एवं पवन गौर द्वारा सभी मंडलों का स्वागत किया गया, वहीं कार्यक्रम का संचालन हरिओम गौर, मदन गौर, सुरेश गौर, उमाशंकर गौर सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है।

बिल्लोद-भवरास से लाख्याखेड़ी तक

# 2.5 किमी डामर सड़क निर्माण की मांग



**अनोखा तीर, हरदा।**

ग्राम पंचायत बिल्लोद-भवरास क्षेत्र के ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित एक महत्वपूर्ण जनसमस्या को लेकर जिला कलेक्टर हरदा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम बिल्लोद-भवरास से ग्राम लाख्याखेड़ी तक लगभग 2.5 किलोमीटर डामरीकृत सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग का शीघ्र सर्वे कराकर सड़क निर्माण को स्वीकृति देने की मांग की है। गिरजाशंकर राजपूत ने बताया कि ग्राम बिल्लोद, भवरास और लाख्याखेड़ी तीनों ग्राम एक ही पंचायत के अंतर्गत आते हैं, लेकिन इसके बावजूद बिल्लोद-भवरास से लाख्याखेड़ी तक सीधा मार्ग उपलब्ध नहीं है। इसके कारण ग्रामीणों को पंचायत, शासकीय कार्यों तथा दैनिक आवागमन के लिए लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर घूमकर जाना पड़ता है, जिससे समय, श्रम और आर्थिक भार अनावश्यक रूप से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि बिल्लोद-भवरास से लाख्याखेड़ी तक मात्र 2.5 किलोमीटर की सीधी डामर सड़क का निर्माण कराया जाता है, तो यह न केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा, बल्कि पंचायत क्षेत्र के तीनों ग्रामों के बीच सामाजिक, प्रशासनिक और विकासात्मक संपर्क भी मजबूत होगा। इससे ग्रामीणों को पंचायत पहुंचने, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने तथा किसानों और आमजन को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। गिरजाशंकर राजपूत ने बताया कि यह मार्ग बनने से ग्रामीणों को हर बार लंबा चक्कर लगाकर जाने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी और पंचायत क्षेत्र में विकास की गति को भी बल मिलेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का शीघ्र सर्वे कराकर निर्माण कार्य स्वीकृत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क निर्माण केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि तीनों ग्रामों के बीच विकास, सुविधा और संपर्क का नया रास्ता साबित होगा।

### नरवाई जलाने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर सख्ती बरती जा रही है। हंडिया तहसील के ग्राम झालवां निवासी किसान शिवनारायण पिता नीमाजी विश्नोई द्वारा नरवाई जलाने की पुष्टि होने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोक डेहरिया ने किसानों से अपील की है कि फसल अवशेषों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करें और नरवाई न जलाएं, क्योंकि इससे भूमि की उर्वरता, पर्यावरण और जीव-जंतुओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा अग्नि दुर्घटनाओं की संभावना भी रहती है।

### मार्च और अप्रैल का राशन एक साथ मिलेगा

**अनोखा तीर, हरदा।**


राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र परिवारों को मार्च और अप्रैल महीने का राशन एक साथ दिया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी वासुदेव भदोरिया ने बताया कि राशन प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों को उचित मूल्य की दुकान पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। दो बार अंगूठा लगाने के बाद विक्रेता दोनों माह का राशन एक साथ प्रदान करेगा। हितग्राहियों से दोनों माह की पावती भी प्राप्त करने की अपील की गई है।

### स्व. जैसानी की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह एवं श्रद्धांजलि सभा आज



**अनोखा तीर, हरदा।**

जमना जैसानी फाउंडेशन के तत्वावधान में लोकतंत्र सेनानी, क्रांतिकारी नेता, एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. जमना प्रसाद जैसानी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज बुधवार, 18 मार्च सायं 7 बजे जैसानी चौक, हरदा में सम्मान समारोह एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के सदस्य अनिल वैद्य ने



बताया कि कार्यक्रम में हरदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा, खेल, कला, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाली प्रमुख प्रतिभाओं में राहुल संतोष यादव (भीलट बाबा गणगौर मंडल, रोलगांव), कला संवाद फाउंडेशन, अजय पुरवइया एवं टीम (न्यू यूनाइटेड फुटबॉल क्लब), नितेश सर (रनिंग फिटनेस अकादमी), सौरभ काशिव एवं टीम (डिवाइन कम्प्यूटर अकादमी), कपिल दुबे (नेशनल कैडेट कोर), सत्येन्द्र परिहार (राष्ट्रीय सेवा योजना), गो एवं गोशाला उत्थान संघ हरदा (अनिल गीते एवं टीम), हैंडबॉल क्लब हरदा, विवेक बादर एवं टीम (सर्व ब्राह्मण समाज, हरदा) तथा जन अभियान परिषद हरदा शामिल हैं। कार्यक्रम में स्व. जमना प्रसाद जैसानी के जीवन और उनके समाज, पत्रकारिता तथा लोकतंत्र के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। फाउंडेशन के संस्थापक क्रांति जैसानी ने सभी नागरिकों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्व. जैसानी को श्रद्धांजलि देने तथा सम्मान समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रदेश में 1 अप्रैल से शुरु होगी गेहूं की खरीदी

-गेहूं उपार्जन के लिए 19 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

**अनोखा तीर, हरदा।**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 1 अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से शुरू होगी। खरीदी शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 8 से रात 8 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा और प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए 19 लाख 4 हजार 651 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिला इंदौर में 71713, झाबुआ में 7120, धार में 44466, अलीराजपुर में 476, खण्डवा में 35104, बुरहानपुर में 523, बड़वानी में 4724, खरगोन में 27557, शाजापुर में 73878, नीमच में 19445, उज्जैन में 123281, आगर-मालवा में 42446, मंदसौर में 65195, देवास में 76442, रतलाम, 45912, अशोक नगर में 16454, दतिया में 19118, शिवपुरी में 21312, ग्वालियर में 13763, गुना में 22914, भिण्ड में 12788, मुरैना में 10893, श्योपुर में 17617, डिण्डौरी में 4478, मण्डला में 19611, जबलपुर में 49642, कटनी में 52126, सिवनी में 53288, नरसिंहपुर में 38416, छिन्दवाड़ा में 29163, बालाघाट में 4383, पांढुर्णा में 863, नर्मदापुर में 71831, बैतूल में 18686, हरदा में 40273, भोपाल में 37129, रायसेन में 76264, विदिशा में 86479, सीहोर में 101793

राजगढ़ 98537, सीधी में 12813, सिंगरौली में 10970, महूगंज में 8018, सतना में 56376, मैहर में 19787, रीवा में 46923, अनुपपुर में 882, शहडोल में 9479, उमरिया में 13445, टीकमगढ़ में 15552, निवाड़ी में 4116, सागर में 75791, पन्ना में 30052, दमोह में 39938 और जिला छतपुर में 34378 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### जल महोत्सव के तहत ग्राम नयापुरा में कार्यक्रम आयोजित




**अनोखा तीर, हरदा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 8 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव गांव का उत्सव, देश का महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम नयापुरा में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को एफटीके किट के माध्यम से जल परीक्षण और पानी के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, पंप ऑपरेटरों और जल गुणवत्ता परीक्षण से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला सलाहकार मोनिका बघेल, विकासखंड समन्वयक संगीता भिलाला, ब्रजकिशोर साहू, विश्वेंद्र प्रताप सिंह और सुशील मिश्रा की भूमिका रही।


अंतिम यात्रा



हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती कमला तिवारी**

**( पत्नी स्व. श्री पुरुषोत्तम तिवारी )**

का देहावसान मंगलवार दिनांक 17/03/2026 को हो गया है। जिनकी **अंतिम यात्रा बुधवार 18/03/2026 को प्रातः 10.30 बजे** निवास स्थान - ई-408, ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी, मोगली पार्क के पास, जे.के. रोड, भोपाल से **सुभाष नगर विश्रामघाट** के लिए प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल

**राजेश-कुसुम तिवारी, रवि-भारती तिवारी ( पुत्र-पुत्रवधु )**

**मदन तिवारी (देवर) हरिनारायण जी व्यास, शिवनारायण जी व्यास (भाई)**

**आदित्य, अमन, नैतिक ( पौत्र )**

**संपर्क – 9893711137, 9893087969**